सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा – 4

17 मैनुअलों का संग्रह

भाग – 6

मैनुअल संख्या 14, 15, 16 एवं 17

उत्तरांचल शासन

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,
चमोली

"प्राक्कथन"

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अनुच्छेद धारा–4 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों, विभागों में अधिनियम की धारा–4 के अन्तर्गत 17 मैनुअल्स बनाये जाने का प्राविधान है प्रत्येक मैनुअल में वर्गीकृत सूचना उपलब्ध रहेगी, ताकि नागरिकों द्वारा सूचना प्राप्त करने हेतु जब भी आवेदन किया जायेगा तो आधारभूत सूचनायें इन मैनुअलों में ही उपलब्ध हो जायेगी, तथा शेष सूचनाओं के लिए अन्य श्रोतों का आश्रय लेना होगा।

पशुपालन विभाग उत्तरॉचल द्वारा अधिनियम की धारा–4 निर्धारित 17 मैनुअलों के अन्तर्गत विभिन्न विभागीय सूचनाओं को एक स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है, विभाग के लिए जहॉ यह एक अभिनव एवं चुनौती पूर्ण कार्य था, तब विभागीय मैनुअलों को अध्यावधिक रूप से व्यवस्थित करने की पुरानी परम्परा को पुर्नजीवित करने में सहभाग करने हेतु एक सुखद अनुभव भी था, इसी अवधारणा से इस कार्य को सम्पन्न किया गया है। मैनुअलों को 6 भागों में विभाजित किया गया है।

भाग–1	मैनुअल संख्या 1, 2, 3 एवां 4
भाग–2	मैनुअल संख्या–5
	खण्ड–1, 2, 3 एवां 4
भाग–3	मैनुअल संख्या 6, 7 एवं 8
भाग–4	मैनुअल संख्या 9 एवं 10
भाग–5	मैनुअल संख्या 11, 12 एवं 13
भाग–6	मैनुअल संख्या 14, 15, 16 एवं 17

उल्लेखनीय है कि अधिकार के अन्तर्गत वर्णित 17 मैनुअल के अतिरिक्त एक मैनुअल 17–ए के रूप में अलग से बना दिया गया है, जिसमें सभी मैनुअलों की विशय सूची एक स्थान पर उपलब्ध करा दी गई है। वर्तमान में जो मैनुअल का रूप उभर कर आया है वह एक प्रारम्भिक अवस्था है, तथा इसे निरन्तर अध्यावधिक किया जायेगा, इसके अतिरिक्त मैनुअलों को पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत कर वैबसाईट में भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी, ताकि जनसामान्य को यह सम्बन्धित जानकारियॉ सुगमता पूर्वक उपलब्ध हो सके।

प्रस्तावना

ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा वर्ष 1892 से सिविल वैटनरी विभाग की स्थापना की गयी जिसका उद्देश्य प्रदेश में अश्व उत्पादन को प्राथमिकता देना था। इनके अन्तर्गत बाबूगढ़, मेरठ में एक डिपो खोला गया, जहां सामान्य प्रबन्धक के साथ–साथ प्राथमिक चिकित्सा तथा अश्व प्रदर्शनी मेलों का आयोजन कराया जाता था। इसको प्रभावी बनाने हेतु सन्1901 मे 07 पशु चिकित्सालयों की स्थापना की गयी।

वर्ष 1899 में ग्लाईन्डर एण्ड फारसी तथा 1910 में पशु फार्म मझरा (लखीमपुर खीरी) एंव वर्ष 1913 में माधुरीकुण्ड(मथुरा) में स्थापित किये गये तथा पंजाब पशु चिकित्सा विद्यालय लाहौर में पशु सम्बन्धी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी।

वर्ष 1916 में पशु पालन कार्य को गति देने के लिए डिप्टी सुपरटेन्डेन्टों के अधीन रखकर तीन सर्किलों में बांटा गया तथा अधीनस्थ कर्मचारी जिला परिषदों द्वारा उपलब्ध कराये गये। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड एक्ट 1922 के लागू होने पर कार्यों में आयी। समस्याओं के फलस्वरूप इसी वर्ष कैटल ब्रीडिंग कार्य हेतु मझरा फार्म (लखीमपुर खीरी) एंव माधुरीकुण्ड फार्म, मथुरा, कृषि विभाग को सौंप दिये गये एंव बेनीपुर (आगरा) व आटा (जालौन) में कवाराइन टाइन स्टेशन खोले गये। वर्ष 1933 में सब सर्किलों को समाप्त करते हुये वर्ष 1935 में वैटनरी इनवेस्टीगेशन आफिसर नियुक्त किये गये। पशु प्रजनन का कार्य कृषि विभाग द्वारा सन्तोषजनक न होने के कारण वर्ष 1939 में यह कार्य सिविल वेटनरी डिपार्टमेन्ट को सौंप दिया गया। इस प्रकार 1944 तक धीरे–धीरे पशु सम्बन्धी सभी कार्य सिविल वेटनरी डिपार्टमैन्ट को स्थानान्तरित कर दिये गये।

अविभाजित उत्तर प्रदेश में पशुपालन विभाग की पृथक रूप से स्थापना वर्ष 1944 में की गयी थी। इससे पूर्व सिविल वेटनरी डिपार्टमैन्ट एंव कृषि विभाग द्वारा पशुपालन सम्बन्धी कार्य सम्पादित किये जाते थे। उस समय सिविल डिपार्टमेन्ट मुख्यतः अश्व प्रजनन एंव पशु रोग नियन्त्रण कार्य से सम्बन्धित था। कृषि विभाग द्वारा गोवंशीय सांडो की पूर्ति पशु प्रजनन हेतु की जाती थी। बाद में पशुपालन विभाग की पृथक रूप से स्थापना होने पर पशु चिकित्सा, रोग नियन्त्रण, पशु प्रजनन एंव चारा विकास आदि कार्यक्रमों भी पशुपालन विभाग द्वारा प्रारम्भ किये गये।

वर्ष 1982 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में त्वरित विकास हेतु अपर निदेशक, पशुपालन विभाग पर्वतीय के पद का सृजन कर पर्वतीय क्षेत्र के सभी (08 जनपदों पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश) में विभाग की सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का नियन्त्रण एंव संचालन का कार्य सौंपा गया।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चमोली

स्वतन्त्रता से पूर्व यह कार्यालय वेटनरी इन्सपेक्टर, सहारनपुर के अन्तर्गत कार्यरत था। वर्ष 1960 से यह कार्यालय जिला पशुधन अधिकारी, चमोली के नाम से स्थापित हुआ।

इस पुस्तिका में चार मैनुअल हैं जिसमें प्रस्तावना, संगठन की विशिष्टयॉ, कृत्य और कर्तव्य, अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियॉ और कर्तव्य, लोक प्राधिकारी एवं उसके कर्मियों द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिये धारित तथा प्रयोग किये जाने वाले नियम, विनियम, अनुदेश, निर्देशिका और अभिलेखों की सूचना संकलित की है। जनता के लिए यह नियम, विनियम, एक्ट पशुपालन विभाग, उत्तरॉचल राज्य के लोक सूचना अधिकारी के पास उपलब्ध है।

सूचना प्राप्त करने के लिए इस कार्यालय में कोषागार बही रसीद संख्या–385 उपलब्ध है। सूचना अधिनियम की धारा 6 (1) के अन्तर्गत सूचना/जानकारी के लिए लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी से सम्पर्क कर सूचना प्राप्त की जा सकती है।

भाग–6

हस्तपुस्तिका की सामग्री

क0सं0	विवरण
1.	मैनुअल –14 किसी इलैक्ट्रानिक रूप में सूचना के सम्बन्ध में ब्यौरे, जो उसको उपलब्ध हो या उसके द्वारा धारित हो।
2.	मैनुअल –15 सूचना अभिप्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं की विशिष्टयॉ जिनके अन्तर्गत किसी पुस्तकालय या वाचन कक्ष के यदि उपयोग के लिए अनुरक्षित है, तो कार्यकरण घण्टे सम्मिलित है।
3.	मैनुअल –16 लोक सूचना अधिकारियों के नाम, पदनाम और अन्य विशिष्टियॉ
4.	मैनअुल –17 ऐसी अन्य सूचनाएँ जो विहित की जाए।

मैनुअल–14

किसी इलैक्ट्रॉनिक रूप में सूचना के सम्बन्ध में ब्यौरे जो उसको उपलब्ध हों या उसके द्वारा धारित हों।

मैनुअल–14

क0सं0	विवरण
1.	इलैक्ट्रानिक रूप में सूचना के सम्बन्ध में ब्यौरे

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, चमोली

क्र0सं0	संगठन का नाम	सूचना का विवरण
1	इलेक्ट्रोनिक रूप में सूचना के सम्बन्ध में ब्यौरे	इलेक्ट्रोनिक के रूप में अधिकार अधिनियम 2005 धारा 4(1) के अन्तर्गत निम्न सूचना के ब्यौरे हैं, जो उसमे उपलब्ध होगी। 1. संगठन की विशिष्ठियां कृत्य और कर्तव्य। 2. अधिकारियों कर्मचारियों की शक्तियां एंव कर्तव्य। 3. विनिश्चिय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया एंव पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व। 4. कर्तव्यों के निर्वहन के लिये स्थापित मानक। 5. दस्तावेजों का विवरण जों नियन्त्रणाधीन है। 6. व्यवस्था की विशिष्ठिंया बोर्डों, परिषदों का विवरण। 7. अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्देशिका।

		8. प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक पारिश्रमिक 9. सभी योजनाओं, प्रस्तावित व्ययों और किये गये समवितार्णो पर रिपोर्ट की विशिष्टियॉ 10. सहायकी कार्यक्रमों के निष्पादन की रीति एवं फायदाग्राहियों के ब्यौरे 11. अनुदत्त/रियायतों के प्राप्त कर्ताओं की विशिष्टियॉ 12. लोक सूचना अधिकारियों के नाम 13. कर्तव्यों के निर्वाहन के लिये प्रयोग में लाये गये नियम, विनियम, निर्देशिका तथा विशेष जानकारी, लोक सूचना अधिकारी सहायक लोक सूचना अधिकारी के पास मैनुअलों में धारित रहेंगी। जिसके बारे ब्यौरे मैनुअल भाग–2/5,1,2,3,4 में उपलब्ध रहेगी।

पशुपालन विभाग के लोक सूचना अधिकारियों की सूची एवं वैबसाईट/ई0मेल

लोक सूचना अधिकारियों पते	लोक सूचना अधिकारियों की वैबसाईट/ई0मेल
सचिव, पशुधन एवं दुग्ध सहकारिता, उत्तरॉचल शासन	Secy_avus@ua.nic.in
अपर सचिव, पशुपालन एवं डेयरी, उत्तरॉचल शासन	vd_panai121@rediffmail. com
निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली (उत्तरॉचल)	dirah_ua@hub.nic.in
उप निदेशक, पशुपालन विभाग, पौड़ी	
उप निदेशक, पशुपालन विभाग, नैनीताल	ddahntl@rediffmail.com
उप निदेशक, पशुपालन विभाग, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान केन्द्र पशुलोक–ऋषिकेश	ddah_pashulok@yahoo.com
उप निदेशक सघन भेड़ विकास प्रायोजना पौड़ी	
उप निदेशक सघन पशु विकास प्रायोजना हल्द्वानी	
प्रभारी अधिकारी विदेशी पशुप्रजनन प्रक्षेत्र भरारीसैंण	
परियोजना अधिकारी, विदेशी भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, मक्कू रूद्रप्रयाग	
प्रायोजना अधिकारी डी0एफ0एस0 श्रीनगर गढ़वाल	
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी पौड़ी	
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी उधमसिंहनगर	cvousnagar@hotpop.com
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चमोली	
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी देहरादून	cvo_ddun07@yahoo.co.in
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी टिहरी	cvotgh@rediffmail.com
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अल्मोड़ा	
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चम्पावत	cvochampawat@lmail.com
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी उत्तरकाशी	cvo_uki@rediffmail.com
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी रूद्रप्रयाग	
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी बागेश्वर	
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी पिथौरागढ़	cvo_pithoragarh@yahoo.com.in
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी नैनीताल	
उत्तरॉचल लाइवस्टॉक डेवलपमेन्ट बोर्ड	www.uldb.org ceo@uldb.com
उत्तरॉचल शीप एण्ड वूल डेवलपमेन्ट बोर्ड	www.uswdb.org www.uttara.com

पशु कल्याण बोर्ड	
प्रभारी अधिकारी अंगोरा शशक, प्रक्षेत्र चम्पावत	
रोग निदान अधिकारी (कु0) कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला कोटद्वार पौड़ी	
रोग निदान अधिकारी (कु0) कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला हल्द्वानी	
रोग निदान अधिकारी (भेड़) श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल	
मुख्य तकनीकी अधिकारी (कु0) अल्मोड़ा	

मैनुअल–15

क0सं0	विवरण
1.	सूचना अभिप्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं की विशिष्टियॉ

मैनुअल–15

सूचना अभिप्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं की विशिष्टयॉ जिनके अन्तर्गत किसी पुस्तकालय या वाचन कक्ष यदि लोक उपयोग के लिए सुरक्षित है, तो कार्यकरण घण्टे सम्मिलित है।

सूचना अभिप्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं की विशिष्टियॉ	1– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के अन्तर्गत पशुपालन विभाग में निम्न सुविधा उपलब्ध की गयी है। अ.) निदेशालय स्तर पर निदेशक पशुपालन लोक सूचना अधिकारी ब.) मण्डल स्तर पर उप निदेशक लोक सूचना अधिकारी स.) जिला स्तर पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी लोक सूचना अधिकारी द.) ब्लाक स्तर पर सहायक लोक सूचना अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी थ.) ग्राम पंचायत स्तर पर सहायक लोक सूचना अधिकारी पशुधन प्रसार अधिकारी सभी लोक सूचना एवं सहायक लोक सूचनाअधिकारियों के पास जनता को सूचना अधिकारियों के पास जनता को सूचना उपलब्ध कराने के लिए 16 मैनुअल उपलब्ध होंगे तथा सूचना लेने के लिए रसीदबही भी उपलब्ध होगी। 1. सूचना प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर ई0मेल की सुविधा भी उपलब्ध है। 2. पशुपालन विभाग के समस्त सूचनाऍ एन0आई0सी0 की वैबसाईट .ua.nic.in पर भी उपलब्ध होगी
पुस्तकालय, वाचन कक्ष की सुविधा	कार्यालय के कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सॉय 5 बजे के मध्य सूचना प्राप्तकर्ता मैनुअलों की हस्तपुस्तिका का अवलोकन करके नियमानुसार सूचना प्राप्त कर सकता है।

मैनुअल–16

लोक सूचना अधिकारियों के नाम, पदनाम और अन्य विशिष्टियॉ

The names, designations and other particulars of the Public Information Officers

मैनुअल–16

विषय सूची

क्र0सं0	विवरण
1	निदेशालय के अन्तर्गत लोक सूचना/सहायक लोक सूचना अधिकारियों की संख्या
2	निदेशालय के अन्तर्गत लोक सूचना/सहायक लोक सूचना अधिकारियों का विवरण
3	मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के अन्तर्गत सूचना/सहायक लोक सूचना अधिकारियों का विवरण
4	विकासखण्ड अन्तर्गत सूचना/सहायक लोक सूचना अधिकारियों का विवरण

पशुपालन विभाग के अन्तर्गत लोक सूचना/सहायक लोक सूचना अधिकारियों की संख्या

1.शासन स्तर पर–	01
2.निदेशालय स्तर पर–	01
3.मण्डल स्तर पर–	11
4.बोर्ड स्तर पर–	03
5.जनपद स्तर पर–	01
6.सहायक लोक सूचना अधिकारी–	23

सूचना के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारियों तथा विभागीय अपील अधिकारियों का विवरण
(सचिवालय एवं निदेशालय हेतु)

प्रशासकीय स्तर	लोक सूचना अधिकारी			विभागीय अपील अधिकारी		
	पदनाम/नाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0/ई0मेल	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0/ई0मेल
सचिवालय/शासन	अपर सचिव	पशुपालन, उत्तरॉचल शासन देहरादून	0135–2712810	सचिव	पशुपालन, उत्तरॉचल शासन देहरादून	0135–2711718
निदेशालय/विभागाध्यक्ष	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267	सचिव	सचिव, पशुपालन उत्तरॉचल शासन, देहरादून	0135–2714106 0135–2711718
मण्डल	उप निदेशक (गढ़वाल मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक पशुपालन विभाग, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी	01368–222480	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल, नैनीताल	05942–236204	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	उप निदेशक पशुपालन विभाग पशुलोक	कार्यालय उप निदेशक पशुपालन विभाग केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान पशुलोक देहरादून	0135–2453398	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	प्रायोजना निदेशक (भेड़ प्रक्षेत्र मक्कू)	कार्यालय प्रायोजना निदेशक वृहद्व भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र मक्कू रूद्रप्रयाग	–	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267

प्रशासकीय स्तर	लोक सूचना अधिकारी			विभागीय अपील अधिकारी		
	पदनाम/नाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0/ई0मेल	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0/ई0मेल
	प्रभारी अधिकारी (पशु प्रजनन प्रक्षेत्र)	कार्यालय प्रभारी अधिकारी विदेशी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भरारीसैण चमोली	–	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	प्रभारी अधिकारी (अंगोरा	कार्यालय प्रभारी अधिकारी अंगोरा शशक प्रक्षेत्र	–	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग	01372–252266 01372–252267

	शशक प्रक्षेत्र)	चम्पावत			उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	
	रोग निदान अधिकारी (कुक्कुट)	कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल	–	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	रोग निदान अधिकारी (कुक्कुट)	कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला हल्द्वानी नैनीताल	–	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	उप निदेशक	कार्यालय उप निदेशक सघन भेड़ विकास प्रायोजना पौड़ी	01368–222489	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	उप निदेशक	कार्यालय उप निदेशक सघन पशु विकास प्रायोजना हल्द्वानी	05946–222035	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267
	रोग निदान अधिकारी (भेड़)	कार्यालय रोग निदान अधिकारी (भेड़) श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल	–	अपर निदेशक	कार्यालय अपर निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरॉचल गोपेश्वर–चमोली	01372–252266 01372–252267

प्रशासकीय स्तर	लोक सूचना अधिकारी			विभागीय अपील अधिकारी		
	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0 / ई0मेल	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0 / ई0मेल
जिला कार्यालय	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी नैनीताल	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, विकास भवन, नैनीताल	05942–248367	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल नैनीताल	05942–236204
	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी उधमसिंहनगर	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, विकास भवन, उधमसिंहनगर	05944–242787	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल नैनीताल	05942–236204
	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अल्मोड़ा	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, विकास भवन, अल्मोड़ा	05962–232289 05962–232290	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल नैनीताल	05942–236204

	मुख्य तकनीकी अधिकारी (कुक्कुट)	कार्यालय– मुख्य तकनीकी अधिकारी कुक्कुट अल्मोड़ा	05962–232289 05962–232290	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल नैनीताल	05942–236204
	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी बागेश्वर	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, बागेश्वर	05963–220041	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल नैनीताल	05942–236204

प्रशासकीय स्तर	लोक सूचना अधिकारी			विभागीय अपील अधिकारी		
	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0/ई0मेल	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेली0 नं0/ई0मेल
जिला कार्यालय	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चम्पावत	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, चम्पावत	05965–230843	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल नैनीताल	05942–236204
	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी पिथौरागढ़	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, पिथौरागढ़	05964–225319	उप निदेशक (कुमॉयू मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमायूँ मण्डल नैनीताल	05942–236204
	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी देहरादून	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, विकास भवन, देहरादून	0135–2712891 0135–2712572	उप निदेशक (गढ़वाल मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, गढ़वाल मण्डल पौड़ी	01368–222480
	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी पौड़ी	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्सा –धिकारी, पौड़ी	01368–223084	उप निदेशक (गढ़वाल मण्डल)	कार्यालय उप निदेशक, पशुपालन विभाग, गढ़वाल मण्डल पौड़ी	01368–222480

सब–डिवीजन/तहसील/विकासखण्ड/अन्य निम्न स्तर पर सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 5 (2) के अन्तर्गत सहायक लोक सूचना अधिकारियों का विवरण

(शासन/निदेशालय के लिए)

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चमोली

विभाग का नामः–पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड मुख्यालय स्तर

क0सं0	सहायक लोक सूचना		
	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेलीफोन
1.	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी	डा0 पी0 एस0 यादव मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चमोली	01372 252273
2.	मुख्य सहायक	कार्यालय– मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, चमोली।	

सब डिवीजन/तहसील/विकासखण्ड/अन्य निम्न स्तर पर सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 5(2) के अन्तर्गत सहायक लोक सूचना अधिकारियों का विवरण :–

(शासन/निदेशालय के लिए)

विभाग का नाम :– पशुपालन विभाग, उत्तरांचल, जनपद देहरादून

क0सं0	सहायक लोक सूचना अधिकारी		
	पदनाम	कार्यालय का पूर्ण पता	टेलीफोन
1	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी, चमोली	.
2	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी, जोशीमठ	01389 222195
3	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी, घाट	01372 265212
4	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी,कर्णप्रयाग	01363 244253
5	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी, गैरसेंण	01363 268138
6	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी, पोखरी	01372 222114
7	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी,नारायणबगड़	.
8	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी, थराली	01363 271237
9	पशु चिकित्साधिकारी	कार्यालय – पशु चिकित्साधिकारी, देवाल	.

मैनुअल – 17

ऐसी अन्य सूचना जो विहित की जाए

मैनुअल–17

विषय सूची

क0सं0	विवरण
1.	वर्ष 2004–2005 की विशेष उपलब्धियॉ
2.	पशुओं के प्रमुख संक्रामक रोग लक्षण और बचाव
3.	पशुपालन कैसे करें
4.	मुर्गियों के मुख्य रोग लक्षण निदान टीकाकरण एवं रोग नयत्रंण
5.	अन्य उपयोगी जानकारियॉ
6.	डेगरेशन कमेटी रिपोर्ट
7.	नागारिक अधिकार पत्र
8.	उत्तरॉचल राज्य पशुकल्याण बोर्ड
9.	यू0एस0डब्ल्यू0डी0बी0
10.	बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियत्रंण कार्ययोजना 2006
11.	सेन्ट्रल ऑफ एक्सीलेन्स का अभिप्राय

पशुओं के प्रमुख संक्रामक रोग
लक्षण और बचाव

यह रोग जो बैक्टीरिया, वाइरस तथा प्रोटोजोआ द्वारा फैलते है, संक्रामक रोग कहलाते है। छूत से फैलने वाले रोग संक्रामक रोग होते है। पशुपालक जानते है कि संक्रामक रोगों द्वारा दुधारु पशुओं में शारीरिक एवं आर्थिक हानि हुआ करती है।

1. खुरपका मुंहपका रोग : (FOOT & MOUTH DISEASE)

यह एक भयानक संक्रामक वाइरस जनित रोग है। रोग में तेज बुखार आता है जो 104 **F** तक पहुंचता है। मुंह से लार टपकती है, खुर में घाव हो जाने पर पशु एक स्थान पर खड़ा नही रह पाता है लंगडाकर चलता है, घाव में कीडे पड़ जाते है, पशु खाना पीना छोड़ देता है, दूध के उत्पादन में कमी आ जाती है।

बचाव : इसका टीकाकरण पशुपालन विभाग, उत्तरांचल द्वारा रियायती दर पर किया जाता है, यह टीका वर्षा आरम्भ होने से पहले मई–जून में लगवा लेना चाहिए, यह टीका लगवाकर महामारी से बचा जा सकता है। यदि बीमारी हो जाये तो बीमार पशु को स्वस्थ पशु से अलग रखना चाहिए।

2. पोंकनी रोग : RINDERPEST

यह भी वाइरस जनित भयानक रोग है, इससे काफी पशुओं की मृत्यु हो जाती है, बीमारी में बुखार 105☐ से 107☐ तक आता है, दस्त आते है, मुंह जीभ तक आंतों में छाले पड जाते है। पशु कमजोर हो जाता है, आंखें बैठ जाती है, नाक, आंख तथा मुंह से पानी गिरने लगता है, पशु कमजोर होकर लडखडाकर गिर जाता है और मर जाता है।

बचाव : स्वस्थ पशुओं में रोग से बचाव के लिए टीका लगवा लेना आवश्यक है। यह टीका अक्टूबर/नवम्बर में लगाया जाता है। इससे जी.टी.बी. तथा लेपिनाइज्ड वैक्सीन मुख्य है। आजकल रिन्डरपेस्ट उन्मूलन कार्यक्रम चल रहा है इस हेतु आर.पी. खोज कार्य जारी है इसलिए टीकाकरण का कार्य नही कराया जा रहा है।

3. माता रोग : (COWPOX)

यह विषाणु जनित रोग है इसमें अयन एवं थनों में छाले पड़ जाते है। बाद में घाव बन जाते है। जिससे थनेला रोग होने का भय उत्पन्न हो जाता है।

बचाव : बीमार पशु को अलग रखना चाहिए तथा घाव में एन्टीसेप्टिक मल्हम लगाना चाहिए।

4. रैबीज (RABIES)

यह रोग पागल कुत्ते, सियार के काटने से होता है। यह रोग वाइरस जनित है। प्रमुख लक्षणों में पशु का उग्र होना, मुंह से लार टपकना, रोगी पशु कंकड तथा मिटटी को पकड कर चबाने का प्रयास करता है अंत में लकवा मार जाता है और पशु की मृत्यु हो जाती है। बीमार पशु की लार लगने से मनुष्य में यह रोग फैल जाता है।

बचाव : पशु के घाव को कारबोलिक एसिड साबुन द्वारा साफ करना चाहिए। उसके बाद एन्टीरेबीज का टीका लगवाना चाहिए क्योंकि लक्षण पैदा होने पर उपचार सम्भव हो जाता है। यह टीका राजकीय पशुचिकित्सालय द्वारा निःशुल्क लगाया जाता है।

5. गलाघोंटू : **(HAMORRHAGIC SEPTICEMIA)**

यह जीवाणु जनित रोग है। यह पॉस्टुरेल्ला जीवाणु द्वारा होता है। इस रोग में 104□ से 106□F तक बुखार आता है, गले मे सूजन आती है, सांस लेने में कठिनाई होती है। उपचार न कराने पर पशु 24 घंटे में मर जाता है। यह रोग आमतौर पर बरसात में होता है परन्तु वर्ष में कभी भी हो सकता है।
बचाव : रोग की रोकथाम के लिए पशुओं को प्रतिवर्ष मई–जून माह में टीका लगवा लेना चाहिए। रोग हो जाने पर पशु को अलग रखना चाहिए तथा उपचार कराये।

6. लंगड़िया बुखार : (BLACK QUARTER)

यह भी जीवाणु जनित रोग है। यह क्लोस्ट्रीडियम चोबिसाई द्वारा फैलता है मुख्यतः यह रोग 6 महीने से 2 वर्ष की आयु के पशुओं में होता है। प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार आना, पैर में सूजन आना और सूजन में गैस का भरना है, सूजन के दबाने से चरचराहट की आवाज आती है।
बचाव : रोग की रोकथाम के लिए पशुओं में अगस्त–सितम्बर में टीका लगना चाहिए। बीमार पशु को एन्टी ब्लैक क्वार्टर सीरम लगवाना चाहिए। मरे पशु को जमीन में गाड देते है जिससे संक्रमण न हो सकें।

7. जहरी बुखार : (ANTHRAX)

यह रोग ''बैसिलस–एन्थ्रेसिस'' नामक जीवाणु से होता है। इस रोग के प्रमुख लक्षणों में 105□F से 108□॰ तक तेज बुखार आता है, तिल्ली बढ़ जाती है तथा खून का रंग काला हो जाता है। नथुनों से खून निकलता है अंततः 24–48 घंटे में मृत्यु हो जाती है। रोग संक्रमण द्वारा मनुष्यों में भी फैल जाता है। यह 'व्छव्ज्6 रोग है।
बचाव : रोग के बचाव के लिए स्वस्थ पशुओं में अगस्त माह में एन्थ्रेक्स का टीका लगवाना चाहिए। मरे हुए पशु की खाल नही निकालनी चाहिए और शव को गहरे गढढे में चूना डालकर दबा देना चाहिए।

8. संक्रामक गर्भपात : (CONTAGIOUS ABORTION)

यह जीवाणु जनित रोग है जो ब्रुसेल्ला एर्बोटस से होता है। प्रमुख लक्षणों में गर्भपात, जेर का रुकना, बांझपन तथा मेटराइटिस है। यह रोग मनुष्यों में संक्रमण द्वारा फैल जाता है जिसे अनडुलेन्ट फिवर कहते है।
बचाव : इस रोग से बचाव के लिए बीमार पशु को अलग रखना चाहिए। पशु के सीरम की जांच से रोग का पता चलता है। बच्चों में कांटन स्ट्रेन–19 नामक टीका लगवाना चाहिए।

9. क्षय रोग : (TUBERCULOSIS)

यह रोग माइक्रोबैक्टीरियम–टयूबरकुलोसिस नाम के जीवाणु से होता है। शरीर में गांठे पड़ जाती है। दुधारु पशुओं में लक्षण फेफडों में दिखाई देते है। बीमार पशु का टयूबर कुलीन परीक्षण कराना चाहिए, रोग से बचाव के लिए बी.सी.जी. का टीका लगवाये।

10. जोहनीज रोग : (JOHNEY'S DISEASE)

यह रोग माइक्रोबैक्टीरियम पेराटयूबरकुलोसिस नाम के जीवाणु से होता है। प्रमुख लक्षण तीसरे से छठे वर्ष की उम्र में दिखाई पडते है। पशु कमजोर हो जाता है, त्वचा सूख जाती है, प्यास बढ जाती है, दस्त पतले तथा बदबूदार हो जाते है। साथ में म्यूकस तथा गैस निकलती है।
रोग की रोकथाम के लिए वैक्सीन– वैक्सीन एक माह तक के बछडों में लगवाना चाहिए।

इन समस्त रोगों के लक्षण उत्पन्न होने पर पशुचिकित्सक की सलाह से उपचार करायें जिससे पशुपालन शासन द्वारा उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाकर आर्थिक हानि से बच सकें।

वार्षिक सुरक्षात्मक टीका कार्यक्रम
पशुओं में संक्रामक बीमारियों का टीका कार्यक्रम

क्र0 सं0	नाम बीमारी	लक्षण	टीका	लगाने का समय	खुराक	माह
1.	महामारी	तेज बुखार, बाद में पतली दस्त लेकर गुदा तक फफोली, गंभीर अवस्था में मृत्यु।	(1) टिश्यू कल्चर (2) फीज ड्राइट गोटी आर.पी. वैक्सीन	3 माह पर 6 माह पर वार्षिक	1 उसण्ध्ब 1 उस खाल के नीचे	जनवरी
2.	गिल्टी (लंगडी बुखार)	तेज बुखार, स्वास्थ्य बिगड जाना, गंभीर अवस्था में मृत्यु, खून काला हो जाता है।	टिश्यू आर.पी. वैक्सीन एन्थ्रेक्स स्पार वैक्सीन	4 माह पर वार्षिक	उपरोक्त	मार्च
3.	जहरबाद (Black फनंतजमतद्ध	पिछले पैरों से रीढ़ की हडडी तक सूजन लंगडाना, गंभीर अवस्था में मृत्यु होती है।	एनाकल्वर बी.क्यू. वैक्सीन	4 माह पर वार्षिक	उपरोक्त	मई का प्रथम सप्ताह
4.	गला घोंटू या धुर्रका (H.S)	तेज बुखार, गले के पास सूजन, गले से धुर्र–धुर्र की आवाज होना, श्वांस लेने में	ऑयल एडजूवेन्ट एच.एस. वैक्सीन	4 माह पर	3 उसण	मई–जून वर्षा होने से पहले
5.	खुरपका–मुंहप का (FMD)	मुंह तथा खुरों के बीच फफोले, खाने पीने, चलने फिरने में परेशानी, गम्भीर अवस्था में खडा तथा खुरों का गिर जाना।	खुरपका, मुंहपका मुंहपका टीका प्रति 6 माह पर	7–8 सप्ताह 4 माह पर इसके	3 उसण खाल खाला के नीचे	कभी भी अक्टूबर, नवम्बर
6.	गर्भपात (संक्रामक)	कमजोरी से, खुराक की कमी से, गर्भाशय में इन्फेक्शन से, चोट या धक्का लगने से।	ब्रेसेल्ला एर्योटस स्ट्रेन 19 टीका	6 माह से 18 माह की उम्र तक एक बार	5 उसण खाल के नीचे	कभी भी वर्ष में
7.	रेबीज	पशु उग्र होता है, लकवा मार जाता है, पानी पीने से डर लगता है।	रेबीजिन	वर्ष में एक बार	1 उसण्मांस	आवश्यक तानुसार वर्ष भर

(ग) टीको का रखरखाव : सभी टीकों को धूप से दूर छांव में 4.6 F के तापक्रम में रखा जाता है। इसको FRIDGE में रखते है। यह सुविधा चिकित्सालय पर होती है। इसके अलावा विशेष तरल पदार्थ जिसे COOLANT कहते है के साथ वैक्सीन रखते है, जो तापमान एक स्तर पर रखता है। इसको यातायात के समय प्रयोग किया जाता है। इससे टीका रास्ते में खराब नही होता है।

पशुपालन कैसे करे ?

पशु की आवास व्यवस्था :

1. पशुशाला का निर्माण ऊंचे स्थान पर करें।
2. पशु के खडे होने का स्थान आगे से पीछे की ओर ढाल वाला हो तथा चिकना न हो वरना पशु के फिसलने का खतरा रहता है।
3. खुला हवादार स्थान हो तथा फर्श पक्का हो।
4. पानी के स्तर से ऊंचे वाले स्थान पर पशुशाला न बनायें।
5. गोबर, पेशाब गडडे में एकत्र कर खाद बनानी चाहिए।
6. पशुशाला की सफाई नियमित रुप से दो बार करें।
7. पशुशाला के पास छायादार वृक्ष हों।
8. पशु का स्नान कराने की व्यवस्था हो।

पशु की आहार व्यवस्था :

नवजात पशु के लिए :

- बच्चे को खीस (कोलेस्ट्रम) अवश्य पिलायें।
- प्रथम माह में 2–2.5 ली0 दूध प्रत्येक दिन पिलायें।
- 15 दिन पश्चात पूरक आहार देना प्रारम्भ करें।

प्रवर्तक (स्टार्टर) आहार बनाने का सूत्र

मोटा दला हुआ मक्का, जौं	40%
खली (अलसी, मूंगफली)	35%
गेंहू का चोकर	22%
मिनलर मिक्सचर	2%
नमक	1%
योग	100%

वयस्क पशु के लिए

- चारे में 2/3 भाग सूखा तथा 1/3 हरा चारा होना चाहिए।
- ब्यानें के 2 माह पूर्व पशु से दुग्ध लेना धीरे–धीरे बन्द करना चाहिए।
- दुधारु गाय को 10 कि.ग्रा दूध पर 3 कि.ग्रा व भैंस को 10 कि.ग्रा दूध पर 5 कि.ग्रा दाना आवश्यक होता है जो उत्पादन राशन (प्रोडक्शन) कहलाता है।

राशन सूत्र (1)

चूना/जौं/मक्का (पीली)	25%
चावल की पालिश	15%
गेंहू का चोकर	32%
मूंगफली/सरसों/अलसी की खली	25%
नमक तथा मिनरल मिश्रण	3%
योग	100%

राशन सूत्र (2)

गेंहू का आटा	50%
खली सरसों	30%
चने/मटर चूनी	20%
योग	100%

कृत्रिम गर्भाधान क्यों अपनायें :

1. उच्च गुणवत्ता के सांड सरलता से नही मिलते।
2. प्रत्येक सांड के रखरखाव एवं चारे पर अधिक खर्च आता है।
3. छोटे आकार के पशुओं में नैसर्गिक प्रजनन में परेशानी होती है।
4. सांड द्वारा प्रजनन से जननअंग की बीमारी फैलती है।
5. वीर्य की जांच सांड में संभव नही हो पाती है। कृत्रिम गर्भाधान से पूर्व वीर्य जांच कर प्रयोग कर सकते है।
6. सांड में एक बार के वीर्यदान से एक पशु गर्भित होता है जबकि उसी वीर्य की मात्रा से कृत्रिम गर्भाधान द्वारा 20–30 पशु गर्भित किये जाते है।
7. सांड की मृत्यु के पश्चात भी उसकी संतति प्राप्त की जा सकती है।
8. किसी दूरस्थ स्थान पर पहाडों पर भी कृत्रिम गर्भाधान द्वारा संतति आसानी से प्राप्त की जा सकती है।
9. एक दिन में सांड द्वारा अधिकतम दो कवरिंग होती है जबकि कृत्रिम गर्भाधान द्वारा एक दिन में कितनी भी संख्या में पशुओं को गर्भित किया जा सकता है।

अच्छा दुग्ध उत्पादन – महत्वपूर्ण तथ्य :

1. पशु का दुहान नियमित रुप से निश्चित समय पर करें।
2. दुहान से पूर्व जनन अंगों एवं अयन को लाल दवा के पानी से साफ करें। (पोटशियम परमेंगनेट)
3. दुहान का बर्तन ऊपर से आधा तिरछा/ढका हुआ हो।
4. दुहान निरोग व्यक्ति द्वारा हाथों का साबुन से स्वच्छ कर लाल दवा से धोकर किया जाए।
5. दुहान के समय शान्ति का माहौल हो अथवा हल्का संगीत बजाने से अधिक दुग्ध उत्पादन मिलता है।
6. दुहान का कार्य शीघ्रता से एक बार में पूरा करना चाहिए।
7. दूध की प्रारम्भिक धार प्रयोग में नही लानी चाहिए, उसे फेंक देना चाहिए।
8. गर्मियों में दिन में एक बार पशु को नहलायें एवं अधिक दुग्ध उत्पादन प्राप्त करें।
9. दुहान के समय गंध वाला आहार न खिलायें या ग्वालों को इत्र का प्रयोग नही करना चाहिए अन्यथा दूध में गंध आ जायेगी।

भारतीय पशुओं के आनुवांशिक पदार्थ के संरक्षण की आवश्यकता

- भारतीय नस्ल की दुग्ध उत्पादन क्षमता काफी है। (High Capability of Milk Production)
- भारतीय नस्लों की मौसम के साथ तारतम्यता अच्छी है। (Better Adaptability)
- भारतीय नस्लों की बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता अच्छी है। (Good Resistance Power)
- नर बच्चों की कार्यक्षमता अधिक होती है। (High Drought Power)
- भारतीय में वसा का प्रतिशत अधिक होता है। (High Fat Percentage)
- रखरखाव में कम खर्च आना। (Low Maintenance Cost)
- डिस्टोकिया का प्रतिशत कम होना। (Less Dystocia Occurrence

पशुपालन कार्यो का माहवार कैलेण्डर – आवश्यक कार्य जो किये जाने है।

1. अप्रैल (चैत्र)

1. खुरपका–मुंहपका रोग से बचाव का टीका लगवायें।
2. जायद के हरे चारे की बुवायी करें, वरसीम चारा बीज उत्पाद हेतु कटायी कार्य करें।
3. अधिक आय के लिए स्वच्छ दुग्ध उत्पादन करें।
4. अन्तः एवं वाह्य परजीवी का बचाव दवापान से करें।

2. मई (बैसाख)

1. गलाघोंटू तथा लगडिया बुखार का टीका सभी पशुओं में लगवायें।
2. पशुओं को हरा चारा पर्याप्त मात्रा में खिलायें।
3. पशु को स्वच्छ पानी पिलायें।
4. पशु को सुबह एवं सायं नहलाएं।
5. पशु को लू एवं गर्मी से बचाने की व्यवस्था करें।
6. पारजीवी का पशुओं में उपचार करवायें।
7. बांझपन की चिकित्सा करवाये तथा गर्भ परीक्षण करवाये।
8. पारजीवी पशुओं को नमक का सेवन करायें।

3. जून (जेठ)

1. गलाघोंटू तथा लगडिया बुखार का टीका अवशेष पशुओं में लगवायें।
2. पशु को लू से बचाये।
3. हरा चारा पर्याप्त मात्रा में दें।
4. पारजीवी की दवा पशुओं को पिलाये।
5. खरीफ के चारे मक्का, लोबिया के लिए खेत की तैयारी करें।
6. बांझ पशुओं का उपचार करायें।
7. सूखे खेत की चरी न खिलायें अन्यथा जहर फैलने का डर रहेगा।

4. जुलाई (आषाढ़)

1. गलाघोंटू तथा लगडिया बुखार का टीका शेष पशुओं में लगवायें।
2. खरीफ चारा की बुवायी करें तथा जानकारी प्राप्त करें
3. पशुओं को अन्तः कृमि की दवापान कराये।
4. वर्षा ऋतु में पशुओं के रहने की उचित व्यवस्था करें।
5. ब्रायलर पालन करें आर्थिक आय बढाये।
6. पशु दुहान के समय खाने को चारा डाल दे।
7. पशुओं को खडिया का सेवन कराये।
8. कृत्रिम गर्भाधान कराये।

5. अगस्त (सावऩ)

1. नये आये पशुओं तथा अवशेष पशुओं में गलाघोंटू तथा लगडिया बुखार का टीकाकरण करवाये।
2. लिवर फलूक के लिए दवापान करायें।
3. गर्भित पशुओं की उचित देखभाल करें।
4. ब्याये पशुओं को अजवाइन, सोंठ खिलाये तथा देख लें के जेर निकल गया है।
5. जेर न निकलने पर पशु चिकित्सक से सम्पर्क करे।
6. भेड/बकरियों को पारजीवी की दवा पिलायें।

6. सितम्बर (भादो़)

1. संतति को खीस (कोलेस्ट्रम) अवश्य पिलायें।
2. अवशेष पशुओं में एच.एस. तथा बी.क्यू. का टीका लगवाये।
3. खुरपका–मुंहपका का टीका लगवाये।
4. पशुओं की डिर्वमिंग करायें।
5. भैंसों के नवजात शिशुओं का विशेष ध्यान रखें।
6. ब्याये पशुओं को खडिया अवश्य खिलायें।
7. गर्भ परीक्षण एवं कृत्रिम गर्भाधान करायें।
8. तालाब में पशुओं को न जाने दें।
9. दुग्ध में छिछडे आने पर थनैला रोग की जांच अस्पताल पर करायें।
10. खीस पिलाकर रोग निरोधी क्षमता बढायें।

7. अक्टूबर (क्वार/अश्विन)

1. खुरपका–मुंहपका का टीका अवश्य लगवाये।
2. वरसीम एवं रिजका के खेत की तैयारी एवं बुवायी करे।
3. निम्न गुणवत्ता पशुओं को बधियाकरण करायें।
4. उत्पन्न संततियों की उचित देखभाल करें।
5. स्वस्थ जल पशुओं को पिलायें।
6. दुहान से पूर्व अयन को धोंये।

8. नवम्बर (कार्तिक)

1. खुरपका–मुंहपका रोग का टीका लगवाये।
2. कृमिनाशक दवा का सेवन कराये।
3. पशुओं को संतुलित आहार दें।
4. वरसीम तथा जई अवश्य बोयें।
5. लवण मिश्रण खिलायें।
6. थनैला रोग होने पर उपचार कराये।

9. दिसम्बर (अगहन/मार्गशीष)

1. पशुओं का ठंड से बचाव करें, परन्तु झूल डालने के पश्चात आग से दूर रखें।
2. वरसीम की कटाई करें।
3. पशुओं तथा बच्चों को पटेरे की दवा पिलाये।

4. खुरपका–मुंहपका रोग का टीका अवश्य लगवाये।
5. सूकर में स्वाईन फीवर का टीका अवश्य लगवाये।

10. जनवरी (पौष)

1. पशुओं का शीत से बचाव करें।
2. खुरपका–मुंहपका का टीका लगवाये।
3. बांझपन संतति का विशेष ध्यान रखे।
4. उत्पन्न संतति का विशेष ध्यान रखे।
5. वाहृय पारजीवी से बचाव के लिए दवा से नहलाये।
6. दुहान से पहले आयन को धो लें।

11. फरवरी (माघ)

1. खुरपका–मुंहपका रोग का टीका लगवाकर पशुओं को सुरक्षित रखें।
2. जिन पशुओं में जुलाई अगस्त में टीका लग चुका है उन्हें पुनः लगवायें।
3. वाहृय पारजीवी तथा अन्तः पारजीवी की दवा (सुई) लगवायें।
4. कृत्रिम गर्भाधान कराये।
5. बांझपन चिकित्सा एवं गर्भपरीक्षण करायें।
6. बरसीम का बीज तैयार करें।
7. पशुओं को ठंड से बचाने का प्रबन्ध करें।

12. मार्च (फागुन)

1. पशुशाला की सफाई व पुताई करायें।
2. बधियाकरण कराये।
3. खेत में चरी, सूडान तथा लोबिया की बुवायी करें।
4. मौसम में परिवर्तन से पशुओं में बचाव करें।

विशेष :

किसी भी रोग के होने पर या अन्य परेशानी में निकटती पशुचिकित्साधिकारी से सम्पर्क करें। चारा बीज पशु चिकित्सालय पर उपलब्ध रहते है, लाभ उठाये।

महत्वपूर्ण तथ्य :

1. उपचार से बचाव बेहतर है। टीकाकरण करवाकर अपने पशु सुरक्षित रखें।
2. बकरी एवं सूकर पालन द्वारा आर्थिक स्तर ऊंचा उठायें।
3. दुग्ध व्यवसाय को अपनाकर जीविका आसान बनायें।

नवजात मेमनों की देखभाल

गर्भावस्था के अन्तिम पखवाडे में भेडों को उचित खुराक न मिल पाने के कारण बहुत कमजोर व कम वजन वाले मेमने पैदा होते है। ऐसे मेमने प्रायः मर जाते है। इस आकस्मिक हानि से भेड पालक को बहुत नुकसान उठाना पडता है। अनुसंधानों तथा अनुभवों से ज्ञात हुआ है के मेमनो की उचित देखभाल और अच्छी खिलाई–पिलाई करके नवजात मेमनो की मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जन्म के समय तथा बाद के दिनों में यदि निम्नलिखित बातों का ध्यान रखा जावे तो नवजात मेमनो को मरने से बचाया जा सकता है।

1. ब्याने वाली भेड के जननद्वार के आसपास की ऊन काट देनी चाहिए ऐसा करने से मेमनो को अपनी माता का दूध पीने में असुविधा नही होगी तथा भेड का पिछला हिस्सा साफ रहेगा, जिससे मक्खियों का आक्रमण नही हो सकेगा।

2. भेड के ब्याते ही बच्चे की नाक–मुंह पर लगी झिल्ली को साफ कर देना चाहिए, यदि भेड बच्चे को न चाटे तो मेमनों को पोंछकर सुखा देना चाहिए, इसी दौरान नाभि–नाल को 5–6 सेमी0 दूर से काट कर उस पर टिंचर आयेाडीन लगा देना चाहिए।

3. नवजात मेमनों को सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाकर रखना चाहिए इसके लिए यह ख्याल रखना जरुरी है कि ब्याने वाली भेडो को अलग साफ–सुथरे स्थान या बाडे में रखें। जिससे पैदा होने वाले मेमनों को भी स्वच्छ स्थान मिले। यदि सर्दी के दिन हो तो बाडा चारों तरफ से ढका हुआ और तेज हवा से सुरक्षित होना चाहिए। स्वच्छ स्थान पर मेमनों का जन्म होने से बीमारियों का खतरा कम रहता है।

4. नवजात मेमनों की मृत्यु बहुत सर्दी के कारण होती है क्योंकि पैदा होने पर मेमना गीला होता है। यदि भेड़ मेमने को चाटकर शीघ्र साफ नही करती है तो कम वजन वाले मेमनों की संचित ऊर्जा का उपयोग शरीर का तापमान सही रखने में होने लगता है। फलस्वरुप बच्चे को ठंड लग जाती है। इसी दौरान यदि मेमनों को दूध पीने को नही मिलता है तो शरीर का तापमान कम होने लगता है और मर जाता है। नवजात मेमनों को टांट के टुकडे से लपेट कर सूखी घास पर रखने से सर्दी से बचाया जा सकता है।

5. कभी–कभी कमजोर मेमना सांस लेने में असमर्थ होता है। अतः तत्काल मर जाता है। यदि इन मेमनों को कृत्रिम सांस मुंह से दिया जाये या पिछले दोनो पैरों को पकडकर हल्का झटका देने से सांस शुरु करने मे मदद मिलती है। कृत्रिम सांस के लिए अगले पांव या वक्षस्थल को पकडकर अन्दर की ओर धीरे–धीरे दबाकर बार–बार छोडने से सांस की किया शुरु हो जाती है और मेमना सांस लेने लगता है।

6. नवजात मेमने के पैदा होने के एक घंटे के भीतर खींस (पहले दिन का दूध) पिलाना आवश्यक होता है क्योंकि यह मेमने की पोषकदायी खुराक है। इससे शरीर को गर्मी (ऊर्जा) मिलती है। यह बीमारियों से बचाने की क्षमता रखता है। यह दस्तावर होने के साथ–साथ आंतरिक जीवाणुनाशक का कार्य भी करता है।

7. अगर किन्हीं कारणों से मेमने को खींस न पिलाया जा सके या उसकी मां मेमने को जन्म देकर तुरन्त मर जाये तो बच्चे के साथ की ब्यायी दूसरी भेड़ से दूध पिलाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

8. कई बार नवजात मेमने मां से दूध पीने में असमर्थ होते है और इनसे मां के थनों के छिद्र नही खुल पाते, जिससे दूध बाहर नही निकल पाता, इस स्थिति में मां के थनों से थोडा सा दूध निकाल लेवें, जिससे छिद्र खुल जावे फिर नवजात मेमने को दूध पिलाने में सहायता करें। यदि मां के दूध नही होवे तो दूसरी ताजा ब्यायी भेड़ का दूध पिला सकते है। यदि नवजात मेमना दूध पीने में फिर असमर्थ हो तो दूध बोतल की सहायता से पिलाया जा सकता है। किन्तु इस प्रकिया में सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा दूध वाली बोतल तथा दूध बनाने वाले बर्तन का गर्म पानी में उबालना आवश्यक है अन्यथा दस्त लग जाने से मेमना मर भी सकता है।

9. नवजात मेमनों को सात–आठ दिन तक मॉ के साथ ही रहने देना चाहिए उसके 15 से 20 दिन की उम्र तक 24 घंटे में चार–पांच बार दूध पिलाना चाहिए।

10. 15 दिन की उम्र से अधिक मेमनों को अधिक दूध पी जाने के कारण होने वाले रोग से बचाने में विशेष ध्यान देना चाहिए। दो माह की उम्र में मेमनों को चेचक के टीके अवश्य लगवा लेने चाहिए।

11. गर्भवती भेडों को एम.सी0सी0 के टीके लगवा देने चाहिए, जिससे नवजात मेमनो को फूड पोआईजनिंग वाले रोग नही होगें।

यदि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखा जाये तो नवजात मेमनो को मृत्यु से बचाया जा सकता है।

मुर्गियों के मुख्य रोग, लक्षण, निदान, टीकाकरण एवं रोग नियन्त्रण

मुर्गियों के मुख्य रोग निम्न प्रकार है –

1. रानीखेत – मुर्गियों में यह बीमारी सबसे घातक है। यह एक विषाणु से होती है वैसे तो यह रोग सभी आयु वर्ग में फैलता है परन्तु चूजों में यह अत्यधिक उग्र रुप से फैलता है। गले में घरघराहट, बलगम की शिकायत, श्वास लेने में कठिनाई, मुंह खोलकर स्वास लेना, शरीर की मांसपेशियों में कम्कपाहट, चलने में लंगडापन तथा पैरों में लकवा होना, तेज बुखार, बीट पानी जैसी पतली बदबूदार तथा पंख बिखर जाते है। कलंगी काली पड जाती है। सर, पैरों या पंजो के बीच कर लेती है। यदि पक्षी अंडे देने वाला हो तो उसके अंडे उत्पादन में गिरावट, अंडे का छिल्का काफी पतला तथा उनका आकार भी काफी कम होता है आदि लक्षण दिखाई देते है। इस रोग का कोई उपचार नही है। रोग होने पर शत–प्रतिशत तक मृत्यु हो जाती है यदि समय पर टीकाकरण किया जाये तो रोग पर नियन्त्रण किया जा सकता है। रानीखेत एफ.वन की एक बूंद नाक में तथा एक बूंद आंख में एक से छः दिन तक डाल दी जाए तो दो माह की उम्र तक रानीखेत से पक्षियों का बचाव किया जा सकता है, 6 से 8 सप्ताह बाद इन पक्षियों को रानीखेत का टीका लगा दिया जाता है और ऐसा करके पक्षियों को रानीखेत रोग से जीवन भर के लिए सुरक्षित कर लिया जाता है। बीमार पक्षियों को तुरन्त स्वस्थ पक्षियों से अलग कर, क्षेत्र की सफाई, कीटनाशक घोल का छिडकाव तथा विछावन को तुरन्त बदल दिया जाये तो बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है।

2. मुर्गी चेचक – यह दूसरी मुख्य फैलने वाली बीमारी है। यह एक किस्म के विषाणु द्वारा होती है यह सभी आयु के पक्षियों में होती है परन्तु बडी में अधिक।
लक्षण – भूख की कमी, सुस्त, सांस लेने में तकलीफ, नाक या आंख से पानी आना, कलंगी, कर्णफूल और चेचक के दाने पैदा होना, तेज बुखार, कानों में झागदार पदार्थ जमा हो जाना, मृत्यु छोटे बच्चों में अधिक और बडों में कम होती है। इस बीमारी से 60 प्रतिशत तक मृत्यु सम्भव है। इस रोग से बचाव के लिए आवश्यक है कि दो माह की उम्र पर फाउल पोक्स का टीका लगाया जाए। इस रोग में बचाव के उपाय को ही प्राथमिकता दी जाती है, परन्तु यदि रोग हो जाये तो स्वस्थ पक्षियों को तुरन्त बीमार पक्षियों से अलग कर टीका लगा दिया जाना चाहिए, बाडो की सफाई तथा कीटाणुनाशक घोल का छिडकाव कर बीमार पक्षियों को सन्तुलित आहार तथा पानी के साथ एन्टीवायोटिक तथा विटामिन्स दिये जायें। मुंह में यदि झिल्ली हो गई हो तो उसे निकाल देना चाहिए।

3. जुकाम लगना – (फाउल कोराइजा) यह जीवाणुओं द्वारा फैलने वाला रोग है जो अतिशीध्र मुर्गियों को अपनी पकड में ले लेता है। इस बीमारी के मुख्य लक्षणों में छींक आना, खांसना, सांस लेने में कठिनाई होना, सिर को ऊपर उठाना तथा चेहरे, कर्णफूल में सूजन, आंख तथा नाक से दुर्गन्धित द्रव का निकलना, भूख में कमी हो जाना, अंडो की उत्पादन क्षमता में कमी हो जाना। रोग के उपचार के लिए सल्फायुक्त औषधियां आहार या पानी देना चाहिए। इसी के साथ–साथ अच्छे एन्टीवायोटिक्स भी दिये जाते है रोकथाम के लिए रोगग्रस्त पक्षियों को तुरन्त अलग कर देना चाहिए।

4. मुर्गी का हैजा रोग (पाउल कालरा) – यह भी जीवाणुओं द्वारा होने वाला रोग है यह अधिकतर वर्षा ऋतु में फैलता है जब बीमारी का प्रकोप होता है तो पक्षी बिना लक्षण दिखाये काफी संख्या में मृत पाये जाते है। इस बीमारी में हरे पीले दस्त, भूख में कमी, कभी–कभी सांस लेने में कठिनाई प्यास अधिक लगना, जोडों में सूजन, कलंगी तथा कर्णफूल में सूजन या काला पड जाना तथा भार में गिरावट आने के लक्षण दिखाई देते है। इसमे कभी–कभी छः से आठ सप्ताह के आयु वर्ग की मुर्गियों में रोग होता है परन्तु सामान्य बडी मुर्गियो में ही यह रोग होता है। मृत्यु कभी कम कभी अधिक होती है रोग के उपचार में सल्फा दवाओं का प्रयोग किया जाता है। एन्टीवायोटिक द्वारा भी उपचार हो जाता है। रोग से बचाव के लिए डेढ़ माह से अधिक पक्षियों में फाउल कालरा का टीका लगवा लेना

चाहिए। रोग नियन्त्रण के लिए बीमारी के दौरान कुक्कुट गृहों में स्वच्छ हवा के आवागमन के लिए उचित व्यवस्था की जाये।

5. लकवे का रोग (मैरिक्स डिजीज) – यह विषाणुजनित रोग है इस बीमारी में भी मृत्यु दर अधिक होती है। रोग के मुख्य लक्षण जो पाये जाते है उस के अनुसार बीमार पक्षियों को लकवा रोग पैदा हो जाता है वे खा पी नही सकते। जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। यह बीमारी आमतौर से छोटी उम्र के पक्षियों (डेढ से दो माह) अधिक होती है। बडी उम्र के पक्षियों में जो अंडा देने वाली होती है, उनके पैरों तथा गर्दन में लकवा हो जाता है इन के भार में कमी हो जाती है, सांस लेने में कठिनाई होती है तथा कभी–कभी दस्तों की शिकायत होती है। इस रोग से बचाव के लिए एक दिन के बच्चों को एच0बी.टी0 नामक वैक्सीन का टीका लगा दिया जाता है। इससे जीवन पर्यन्त इस रोग से सुरक्षा हो जाती है। हालांकि बीमारी पैदा होने पर बीमार पक्षियों की चिकित्सा सम्भव नही परन्तु यदि स्वस्थ पक्षियों को अलग कर बाडों की सफाई उन में कीटाणुनाशक दवा का छिडकाव कर दिया जाए और बिछावन बदल दी जाये और मुर्गी बाडों में स्वच्छ हवा का आवागमन पर्याप्त कर दिया जाये तो स्वस्थ पक्षियों को बीमार होने से बचाया जा सकता है।

6. चिचड़ी ज्वर (स्पाइरोकिटोसिस) – इस रोग के कीटाणुओं की बढत चिचडियां होती है। यह मुर्गियों की एक आम तथा खतरनाक बीमारी है। रोग के लक्षणों में बीमार मुर्गियां अलग–अलग रहती है, सुस्त हो जाती है पंख बिखर जाते है, पैरों व पंजो में सूजन आ जाती है, कमजोर हो जाती है तथा बुखार हो जाता है, ठीक से खडी नही हो पाती, सिर झुका देती है, पानी अधिक पीती है। हरे रंग के तीव्र दस्त, तथा मरने से पहले शरीर का तापक्रम सामान्य से कम हो जाता है। रोग से बचाव के लिए छः सप्ताह से अधिक आयु पर वैक्सीन लगाया जाता है। बीमार होने पर एन्टीवायोटिक का टीका तीन दिन तक लगवाना चाहिए। रोग नियन्त्रण के लिए बाडों चिचडियों को नष्ट कर दें इसके लिए ब्लो लैम्प का प्रयोग या फिर कीटनाशक दवा का प्रयोग करना होगा।

7. दीर्घकालीन श्वांस रोग (सी.आर.डी.) – यह भी संक्रामक रोग है जो अक्सर सर्दियों में होता है। इस रोग के फैलने पर पक्षियों में मृत्यु दर 40 प्रतिशत तक हो सकती है। रोग के लक्षण, भूख कम लगना, सांस लेने में कठिनाई, आंख से पानी आना तथा गले के अन्दर पीले रंग का पदार्थ जमा होना तथा एक विशेष प्रकार की आवाज करना है। इस रोग के फैलने में आहार की कमी, परजीवियों का प्रकोप, विटामिन्स 'ए' की कमी तथा कुक्कुट शालाओं में नमी अधिक होना सहायक होते है। रोगी मुर्गियों का एन्टीवायोटिक तथा विटामिन्स द्वारा उपचार शुरु कर देना चाहिए। आहार मे हरी सब्जियों या बरसीम का प्रयोग करायें। रोग नियन्त्रण हेतु अंडों की सफाई पर विशेष ध्यान दे क्योंकि बीमारी अंडों के द्वारा फैलती है।

8. खूनी दस्त लगना (कोक्सीडियोसिस) – यह बीमारी परजीवियों किटाणुओं के प्रोटोजोआ द्वारा उत्पन्न होती है यह बीमारी कम आयु के चूजों में अक्सर होती है इस रोग के लक्षण जैसे पक्षी की बीट के साथ खून आना, खून मिले दस्त होना, कलंगी का सूखा पड जाना, पक्षियों का उघना, भूख में कमी, अंडा देने में कमी, पेशियों का कमजोर हो जाना, यदि रोग की चिकित्सा शीघ्र न की जाए तो मृत्यु दर में वृद्वि हो जाना, बीमारी के उपचार के लिए पक्षियों को पानी के साथ सल्फा दवा 5 दिन तक दी जानी चाहिए। रोग नियन्त्रण के लिए मुर्गी बाडों को सूखा रखा जाए तथा बिछावन को पलटते रहना चाहिए या उस में चूना छिडक दें। मुर्गी बाडों में हवा की शुद्व व्यवस्था करें। बचाव हेतु 15 दिन की आयु पर कोर्स दोबारा दें। इसके बाद दो तीन माह तक प्रत्येक माह देते रहें।

9. एस्केरियासिस – यह रोग गोल कृमि के कारण होता है जो कि आन्तों में पाई जाती है यह गोल तथा लम्बे होते है जो कि आन्तो में गुच्छे बना लेते है इन के कारण पक्षियों के भार में कमी, अंडा देने की क्षमता गिर जाना, पक्षी सुस्त व कमजोर हो जाते है इसके बचाव व उपचार के लिए कृमिनाशक दवापान प्रतिमाह कराया जाना चाहिए।

10. शरीर पर लगने वाले वाह्य परजीवी – चिचडी, जूं, पिस्सू मुर्गी के शरीर के ऊपर पाये जाते है। यह मुर्गी बाडों के दरारों में भी रहते है जहां से रात में निकलकर मुर्गी पर आक्रमण कर देते है। यह उनका खून चूसते है जिस कारण चूजों में मृत्यु भी हो जाती है। अंडा देने वाली मुर्गियां अपना उत्पादन बंद कर देती है। शरीर में खुजली होती है। नियन्त्रण के लिए बाडों का सारा कूडा–करकट जला दें, नियमित रूप से बाडों में कीटनाशक दवा का प्रयोग करें। जिन मुर्गियों पर कीडे दिखाई दें उन पर भी कीटनाशक दवा का छिडकाव करायें।

- पंजीयन का उद्देश्य– भेड़ पालकों को समस्त विभागीय सुविधाएँ प्रदान करने उनके सत्यापन हेतु। यदि भेड़ पालक किसी बैंक से ऋण प्राप्त करता है तो यह उपयोगी।
- लाभार्थी की पात्रता–लाभार्थी का भेड़ पालक होना अनिवार्य है।
- पूर्वापेक्षाएँ– भेड़पालक प्रगतिशील होना अनिवार्य है।
- आवेदन करने के लिए कहॉ/किससे सम्पर्क करें – क्षेत्र/जनपद के पशुपालन विभाग की विभागीय संस्था/पशुचिकित्साधिकारी/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
- आवेदन शुल्क–कोई नही
- अन्य शुल्क –कोई नही
- आवेदन पत्र का प्रारूप–प्रार्थना–पत्र के रूप में आवेदन किया जाना तथा इसमें भेड़ों की संख्या का उल्लेख होना अनिवार्य है।
- संलग्नकों की सूची– कोई नही
- संलग्नकों का प्रारूप– कोई नही
- आवेदन करने की प्रक्रिया–भेड़ पालक अपना आवेदन पत्र क्षेत्र के पशुधन प्रसार अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे।
- आवेदन करने के बाद लोक प्राधिकरण में होने वाली प्रक्रिया–प्रशिक्षण कार्यक्रम/स्थान निर्धारित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान करना तथा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त प्रमाण पत्र प्रदान करना।
- आवेदन की सारी प्राथमिकताएँ सही तरीके से पूरी करने के पश्चात प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि जारी करने के लिए निर्धारित समयावधि–प्रशिक्षण प्राप्ति के तुरन्त पश्चात प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना है।
- प्रमाण पत्र के प्रभावी रहने की समय सीमा–कोई नही।
- नवीनीकरण की प्रक्रिया–कोई नही।

18.6 लोक प्राधिकरण द्वारा टैक्स लेने के सम्बन्ध में–कोई नही

18.7 लोक प्राधिकरण द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली बिजली/पानी के संयोजन को अस्थाई/स्थाई रूप से विच्छेदन आदि के सम्बन्ध में– कोई नही।

18.8 लोक प्राधिकरण द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली अन्य सेवाओं का विवरण–लोकप्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त ऊन विपणन में अन्य विभागों जैस खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सहयोग से सहायता देना तथा कताई बुनाई की नई तकनीकों की जानकारी देना।

बर्ड फ्लू
निगरानी एवं नियत्रंण
कार्य योजना

पशु पालन विभाग,
उत्तरॉचल

विषय सूची

क्र.सं	विषय
	प्रस्तावना
	परिचय
1.0–1.17	बर्ड–फ्लू फैलने की आशंका की स्थिति में रोकथाम के उपाय
2.0–2.17	बर्ड फ्लू प्रमाणित होने की स्थिति में नियंत्रण एवं निगरानी कार्ययेाजना
3.0–3.5	संक्रमित प्रक्षेत्र के कार्मिकों हेतु सलाह
संलग्नक–1	पशु चिकित्साधिकारी हेतु किट
संलग्नक–2	रोग निदान अधिकारी हेतु किट
संलग्नक–3	रोग नियन्त्रण प्रश्नावली
संलग्नक–4	संक्रमित नमूने भेजने के प्रपत्र
2.0–2.17	बर्ड फ्लू प्रभावित एवं सम्भावित क्षेत्रों की अधिसूचना जारी करना
4.0	जनसामान्य हेतु सूचना
4.1	कुक्कुट पालकों द्वारा अपनाये जाने वाले सुरक्षात्मक उपाय
5.0	बर्ड फ्लू के सम्भावित प्रकोप पर निगरानी एवं नियत्रंण हेतु सूचना प्रबन्ध तन्त्र
5.1	बर्ड फ्लू के प्रमाणित हाने की स्थिति में निगरानी एवं नियत्रंण हेतु सूचना प्रबन्ध
	राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा जारी शासनादेशों की प्रतियॉ

प्रस्तावना

उत्तरांचल राज्य की स्थापना भारत गणतन्त्र के 27वें राज्य के रूप मे 9 नवंम्बर 2000 को की गई थी। उत्तरांचल राज्य की सीमाएं उत्तर में चीन गणंतन्त्र उत्तर पूर्व में नेपाल दक्षिण में उत्तर प्रदेश राज्य तथा पश्चिम मे हिमाचल प्रदेश की सीमाओं से मिलती है। उत्तरांचल एक पर्वतीय क्षेत्र बाहुल्य राज्य हैं। सीमावर्ती जनपदों एवं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रो कें ग्रामीण एवं उप नगरीय क्षेत्रों की अर्थ व्यवस्था मुख्य रूप से कृषि एवं पशुपालन पर आधारित है। सीमावर्ती जनपदों यथा चमोली, उत्तरकाशी, चम्पावत, पिथौरागढ़, के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन जीविकोपार्जन का मुख्य आधार है। पशुपालन व्यवसाय के माध्यम से प्रति वर्ष राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग रू 1500 करोड़ का योगदान किया जाता है। तथा प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख मानव श्रम दिवसों के समतुल्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करायें जाते है। इस प्रकार पशुपालन व्यवसाय का उत्तरांचल राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।

17 वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना 2003 के अनुसार उत्तरांचल में लगभग 50 लाख पशुधन एवं 20 लाख कुक्कुट उपलबध हैं। पशुधन एंव कुक्कुट को स्वास्थ्य सुरक्षा, चिकित्सा, टीकाकरण एवं प्रजनन सुविधाएं उपलब्ध कराने का मुख्य दायित्व पशुपालन विभाग का हैं। उत्तरांचल में अवस्थापित राजकीय एवं निजी कुक्कुट परिक्षेत्रों को बर्ड फलू महामारी से बचाने के लिए निगरानी एवं नियन्त्रंण दिशा निर्देश कार्ययोजना के रूप में पशुपालन, डेरी एंव मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत किए गए है।

बर्ड फ्लू निगरानी एंव नियत्रंण दिशा निर्देशों का क्रियान्वयन अनुश्रवण एवं प्रभावशीलता का मूल्यांकन राज्य स्तर पर पशुपालन विभाग, उत्तरांचल द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान कुक्कुट पालकों, प्रक्षेत्र प्रबन्धको, निजी कुक्कुट फार्म प्रबन्धको द्वारा अंग्रेजी में प्रकाशित बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियंत्रण हेतु कार्य योजना के क्रियान्वयन में कतिपय भाषागत असुविधा को इंगित किया गया था। इसलिये क्षेत्रीय परिवेक्षक अधिकारियों एवं कार्मिकों के उपयोगार्थ बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियत्रंण दिशा निर्देशों का हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत है। बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियंन्त्रण कार्य–योजना का हिन्दी अनुवाद एवं प्रस्तुतिकरण डा0 प्रेम शंकर यादव, पशुचिकित्साधिकारी, जलागम प्रबन्ध निदेशालय एवं डा0 अविनाश आन्नद पशुचिकित्साधिकारी, राजकीय पशुचिकित्सालय, सुभाष नगर देहरादून, के सहयोग से किया गया है। जो कि एक सराहनीय प्रयास है।

बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियंत्रण कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में उपलब्ध 20 लाख कुक्कुट प्रक्षेत्र को बर्ड फ्लू की महामारी से बचाव करने में मदद मिलेगी तथा असमय रोग के कारण कुक्कुट की क्षति को बचाया जा सकेगा। उपभोक्ताओं से गुणवता पूर्ण कुक्कुट उत्पाद उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। समस्त विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकरियों को मैं बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियत्रंण कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा करती हूँ।

(दमयन्ती दोहरे)
अपर निदेशक
पशुपालन पालन विभाग
देहरादून

परिचय

देश के विभिन्न भागों में बर्ड फ्लू को फैलने से रोकने के लिए कुवकुट प्रजाति के रक्त के नमूने जॉच के लिए बर्ड–फ्लू निगरानी एवं नियंत्रण कार्य योजना के अंतर्गत एकत्रित किए जा रहे है। पशु अभ्यारणों एवं पक्षी विहारों में अप्रवासी पक्षियों के रक्त के नमूनों की भी जॉच की जा रही है। हजारों नमूनों की जॉच की जा चुकी है और समस्त नमूने बर्ड–फ्लू वाइरस के लिए नकारात्मक पाए गए है। हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि हमारे देश कें समस्त कुवकुट प्रजाति के पक्षी अभी तक बर्ड फ्लू से ग्रसित नहीं है। अतः कुवकुट पालकों, कुवकुट फार्म प्रबन्धकों, कुवकुट उत्पाद विक्रेताओं एंव उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता है सावधान रहने की निगरानी एवं नियन्त्रंण व्यवस्था को चुस्त दुरस्त रखने की और किसी भी विपदा से निपटने के लिए तैयार रहने की। इसी उद्देश्य से बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियंन्त्रण कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जा रही है। पशुपालन व्यवसाय की तकनीकी, प्रबन्धकीय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने का दायित्व राज्य सरकारों का है। प्रान्तीय सरकार पशुपालन विभाग के माध्यम से पशु रोग नियन्त्रण एवं पशु सर्वधन हेतु विभिन्न कार्यक्रम संचालित करती है। बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियंन्त्रण कार्ययोजना का क्रियान्वयन सम्बंधित राज्य सरकारों के पशुपालन विभाग द्वारा किया जाएगा। पशुपालन विभाग बर्ड फ्लू को रोकने के लिए कुवकुट पालकों एवं उपभोक्ताओं के सतत सम्पर्क में रहें तथा किसी भी प्रकार अफवाहों को न फैलने दें तथा जनता को भ्रमित होने से बचांए। कुवकुट पालकों, उपभोक्तओं कुवकुट उत्पाद विक्रेताओं को, प्रेस मिडिया को सही सूचनाओं की जानकारी दें। इसलिए यह परम आवश्यक है कि पशुपालन विभाग के कार्मिकों के लिए बर्ड फ्लू की निगरानी एवं नियन्त्रण हेतु विस्तृत दिशा निर्देश उपलबध कराए जाए।

पशु पालन विभाग के कार्मिकों, कुवकुट फार्म प्रबन्धकों एवं उपभोक्ताओं के सहयोगार्थ निगरानी एवं

नियंन्त्रण कार्य योजना को निम्नलिखित तीन भागों में बॉटा गया है।

1. बर्ड फ्लू महामारी फैलने की आशंका की स्थिति में रोगथाम हेतु कार्य योजना।
2. बर्ड फ्लू महामारी की रोगथाम हेतु कार्य योजना।
3. बर्ड फ्लू संक्रमित कुवकुट की देखरेख कर रहे कार्मिकों हेतु सलाह।

यहां यह स्पष्ट करना उल्लेखनीय है कि कुवकुट पक्षियों की श्रेणी में कुवकुट, बत्तख,टर्की, गिनी फाउल एवं बटेर आदि सम्मिलित है।

1.0 बर्ड फ्लू फैलने की आशंका की स्थिति में रोकथाम कार्य–योजना

सर्तक एवं तैयार रहने की आवश्यकता

1.1 मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित क्षेत्रीय पशुचिकित्साधिकारी एवं पशुधन प्रसार अधिकारियों को राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र एवं निजी कुक्कुट प्रबन्धकों के साथ सतत सम्पर्क में रहना चाहिए तथा महामारी फैलने की आंशका की स्थिति में सम्बधिंत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को फोन, फैक्स या ई–मेंल द्वारा निम्नलिखित परिस्थितियों में सूचना तत्काल भेजी जानी चाहिए।

1. कुक्कुट प्रक्षेत्र पर सामान्य से अधिक मृत्युदर होना।
2. कुक्कुट रोग के लक्षण, जिसका निदान न हो रहा हो।
3. पक्षी विहार में पक्षियों की अकारण मृत्यु होना ।

सूचना तंन्त्र का विकास, इस प्रकार किया जाना चाहिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत पशुधन प्रसार अधिकारी को कुक्कुट पालक किसी भी संदिग्ध अवस्था में तुरन्त सूचित करें। तथा पशुधन प्रसार अधिकारी प्राप्त सूचना को तत्काल स्थनीय पशुचिकित्साधिकारी को उपलब्ध कराएगें। स्थिति की गंम्भीरता को देखतें हुए पशुचिकित्साधिकारी समस्त सूचनाएं फोन फैक्स या ई–मेल के द्वारा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को उपलबध कराना सुनिश्चित कराएगें। पशु अभ्यारण एवं पक्षी विहार के प्रभारी अधिकारी किसी भी संदेहास्पद स्थिति मे अप्रवासी पक्षियों की मृत्यु की सूचना स्थनीय पशुचिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएंगें।

1.2 निदेशक, पशुपालन विभाग उत्तरांचल समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों एवं रोग नियत्रंण अधिकारियों को बर्ड फ्लू से बचाव के लिए सलंग्नक 1 एवं 2 पर निर्दिष्ट किट्स उपलब्ध कराएंगे। प्रत्येक जनपद स्तर पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के कार्यालय में कम से कम 5 फोगिंग मशीन और 20 सैट सुरक्षा कपड़े होने चाहिए तथा दो या तीन फोगिंग मशीन संक्रमित क्षेत्र के दौरे के समय तथा एक जोड़ी सुरक्षा कपड़े प्रभावित स्थल का दौरा करते समय ले जाने चाहिए।

प्राथमिक सूचना मिलने पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा प्रभावित स्थल का दौरा

1.3 कुक्कुट प्रक्षेत्र में संक्रमण अथवा उच्च औसत मृत्यु दर अथवा पशु अभ्यारण/पक्षी विहार में पक्षियों के बीमार होने/मृत्यु होने पर पशुचिकित्साधिकारी/अन्य माध्यम से सूचना प्राप्ति के 24 घण्टे के अन्तर्गत मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/पशुरोग निदान अधिकारी के साथ उक्त स्थल का दौरा करना सुनिशचित करेगें। पशुरोग निदान अधिकारी के पास संलग्नक 2 के अनुसार एक पशुरोग निदान किट होनी चाहिए जिससे कि वह प्राथमिक और नैदानिकी परीक्षण कर सकें और नमूने एकत्र कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला को भेज सके ।

पशुरोग निदान अधिकारी और उसके सहायक को बचाव वाले कपड़े पहनकर संक्रमित स्थल पर जाना चाहिए जहां पक्षियों का रखा गया हो। यह भी अत्यन्त आवश्यक है कि समस्त वस्त्र और उपकरण कीटाणु रहित हों और पूर्व में प्रयोग न किए गए हो।

पशु रोग निदान अधिकारी के द्वारा प्राथमिक एवं नैदानिकी परीक्षण

1.4 पशु रोग निदान अधिकारी द्वारा समस्त सुरक्षा वस्त्र चैजिंग रूम में पहनने चाहिये और चैजिंग रूम में रोग नियंन्त्रण अधिकारी की किट को छोड़ना जिसमें निम्नलिखित सामान होना चाहिएः–

1. लीक प्रूफ वाटर कन्टैनर।
2. नमूने रखने वाला थरमोकोल बाक्स ।
3. दो जोड़ी सरर्जीकल दस्तानें।
4. पॉच आटोक्लवेबिल प्लास्टिक के बैग्स।
5. पॉच काले रविस बैगस।
6. कीटाणुनाशक घोल।

पशु रोग निदान अधिकारी किट का अवशेष सामान अपने साथ कुक्कुट शेड ले जा सकते है।

1.5 मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/पशु रोग निदान अधिकारी को निम्नलिखित सूचनाएं एकत्र करनी चाहिएः–

1. सर्व प्रथम उत्पादन इकाईयों ,उत्पादन उप–इकाईयों का चिन्हीकरण।
2. प्रक्षेत्र पर कुवकुट एवं अन्य पशुओं की संख्या।
3. प्रक्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों एवं वाहनों की पहचान एवं संख्या।
4. कार्मिको, उपकरण, वाहन, पशु/कुवकुट के आवागमन का विवरण।
5. कीटाणु नाशक एवं अन्य उपकरणों की उपलब्धता का विवरण।
6. कुक्कुट एवं पशुओं की रोगों से लड़ने की क्षमता की जानकारी/टीकाकरण आदि।

1.6 संक्रमित एवं संभावित कुक्कुट एंव पशुओं की पशु रोग निदान अधिकारी द्वारा नैदानिकी परीक्षण कर प्रक्षेत्र पर रोग संक्रमण की स्थिति का आंकलन करना चाहिए। प्रक्षेत्र पर समस्त सम्भावित/संक्रमित कुक्कुट एवं पशुओं का नैदानिकी परीक्षण किया जाना चाहिए। नैदानिकी परीक्षण प्रक्षेत्र की विभिन्न इकाईयों पर पृथक–पृथक किया जाना चाहिए। टीकाकरण कार्यक्रम विवरण को विशेष सावधानी पूर्वक संग्रहित करना चाहिए। पशुरोग निगरानी विवरण संलग्न 3 तीन पर उपलब्ध प्रपत्र पर किया जाना चाहिए तथा विवरण में निम्नलिखित सूचनाएं अवश्य संकलित की जानी चाहिएः–

1. संक्रमण के संकेत मिलने पर पशुओं/कुक्कुट के आवगमन का 20 दिन तक लेखा जोखा रखना चाहिए।
2. समस्त प्रक्षेत्र कार्मिकों, उनके संबंधी, पशुचिकित्साधिकारी/एवं अन्य व्यक्तियों के आवागमन का लेखा–जोखा रखना चाहिए।
3. फार्म पर उपलब्ध समस्त वाहन चाहे इनका सम्बन्ध कुक्कुट/पशुओं से हो या न हो का लेख–जोखा रखा जाना चाहिए।

समस्त पशु रोग निगरानी एवं नियन्त्रंण सूचनायें संलग्नक–तीन के अनुसार संकलित कर फैक्स/ई–मेल द्वारा तत्काल निदेशक, पशुपालन विभाग,उत्तरांचल को अति शीघ्र उपलबध कराना सुनिश्चित करायें। प्रत्येक संक्रमित कुक्कुट को प्रजाति के आधार पर चिन्हित कर लेखा–जोखा रखा जाए। जिसमें प्रजाति के साथ–साथ संक्रमण के चिन्ह दिखाई देने की तिथि, रोग के लक्षण तथा मृत्यु दर आदि का विवरण सम्मिलित होना चाहिए।

1.7 प्राथमिक एवं नैदानिकी रोग अन्वेषण के द्वारा बर्ड फ्लू होने की संम्भावना हो तो मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को तुरन्त रोग की रोगथाम एवं निगरानी हेतु वर्णित व्यवस्था को प्रभावी बनाना चाहिए।

यदि प्राथमिक एवं नैदानिकी परीक्षण के द्वारा बर्ड फ्लू संक्रमण की संभावना नहीं हो तो कुक्कुट पालको कुवकुट प्रक्षेत्र प्रबन्धको एवं उपभोगताओं के उपयोगार्थ सूचना का विस्तृत प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए।

<u>निदेशक (पशुपालन)/जिलाधिकारी व अन्य को शीघ्र सूचित करें</u>

1.8 मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, निदेशक,(पशुपालन)/जिलाधिकारी या अन्य किसी भी अधिकारी, जो कि राजस्व विभाग के उप जिलाधिकारी/तहसीलदार स्तर का हो को दूरभाष, फैक्स या ई–मेंल ,द्वारा सूचित करें तथा विभिन्न प्रतिबन्धों को, जिनका विवरण निम्नवत है, को प्रभावी रूप से लागू कराने में सहायोग प्राप्त करें।

<u>सर्तकता प्रक्षेत्र का चिन्हीकरण</u>

1.9 लगभग 10 कि0मी0 का प्रभावित सर्तकता प्रक्षेत्र के रूप में चिन्हित किया जाना चाहिए। इस क्षेत्र के सभी गांवों को सर्तक्तता प्रक्षेत्र के अन्दर सम्मिलित किया जाना चाहिए।ग्राम पंचायत को अधिकार है कि वह राजकीय पशुचिकित्साधिकारी एवं अन्य पशुचिकित्साविद् जो भी इस क्षेत्र के अन्तर्गत पशुचिकित्सा व्यवसाय के क्षेत्र में कार्य करते हों उनको सावधान किया जाए और उनसे अनुरोध किया जाये कि बर्ड फ्लू की रोक–थाम के लिए प्रभावी रूप से सहयोग करें।

<u>संग्रहित नमूनों को प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा जाना</u>

1.10 निम्न प्रकार पेथोलोजिकल नमूनों को एकत्र करके उच्च सुरक्षा पशु रोग निदान प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाना चाहिए।

1. कम से कम पांच संक्रमित कुक्कुट को शव विच्छेदन जांच के लिए।
2. कम से कम पांच कुक्कुट के श्वास नलिकाएं एवं फेफड़ो के नमूने।
3. कम से कम पांच पक्षियों की आंतो के नमूने।
4. तीस स्वस्थ कुक्कुट या कम से कम 10 स्वस्थ कुवकुट के क्लोऐकल और ट्रेकियल स्वेब ट्रांसपोर्ट मिडियम/टीसू कल्चर मिडिया में रखकर भेजे जाने चाहिएं।
5. कम से कम 10 रक्त (सीरम) नमूने जांच हेतु भेजे जाने चाहिए।

समस्त संकलित नमूनों को अच्छी तरह से लीक प्रूफ कन्टेनर में पैक कर कोल्ड चेन बनाते हुए प्रयोगशाला भेजे जाने चाहिए। नमूने ले जाते समय उच्चकोटी की स्वच्छता बनाये रखनी चाहिए। तथा संक्रमण को रोकने के लिए डबल पैंकिग करनी चाहिएं। समस्त नमूने आईस बाक्स जिसमें चिलिंग बोटलस लगीं हो तथा जिनकों पूर्णतयाः जीवाणु रहित किया गया हो में संग्रहित कर भेजा जाना चाहिए। समस्त नमूनों के साथ संलग्नक चार के अनुसार विवरण अंकित होना चाहिए। रोग निदान अधिकारी एवं सहयोगी कार्मिक नमूने एकत्रित करने के दौरान समस्त सुरक्षा वस्त्र चेजिंग रूम में पहनें तथा समस्त उपकरण आदि, जो कि जीवाणु रहित किए गए हो, का उपयोग करें । समस्त एक बार प्रयोग में लाई जानी वाली वस्तुओं को एक पृथक प्लास्टिक बैग में रखा जा सकता हैं।

1.11 मुख्य पशुंचिकित्साधिकारी/रोग निदान अधिकारी के उस स्थान तक पहुंचने के 24 घण्टे के अर्न्तगत नमूनों को एकत्रित कर, किसी विशेष वाहक द्वारा उच्च सुरक्षा पशुरोग निदान प्रयोगशाला, भोपाल के लिए भेजा जाना चाहिए। वह संदेश वाहक जो नमूने लेकर जाय, की सूचना मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/रोग निदान अधिकारी द्वारा निदेशक (पशुपालन) को फोन/फैक्स द्वारा दी जाए। यह जरूरी नहीं कि लिखित अनुमति प्राप्त की जाए क्योंकि यह जरूरी है कि नमूने जल्द से जल्द भोपाल पहुचाएं जाएं । यदि आवश्यक हो तो सूचना वाहक जल्दी पहुंचने के लिए वायुयान का प्रयोग कर सकता है। उच्च सुरक्षा पशुरोग निदान प्रयोगशाला, भोपाल से अनुरोध है कि सारी जांच जितनी जल्दी हो सके पूरी कर लें। उच्च सुरक्षा पशुरोग निदान प्रयोगशाला भोपाल को नमूने प्रेषित करने की सूचना जल्द से जल्द टेलीफोन नं0, 0155–2759204 फैक्स नं0 0155–2758842 पर अग्रिम रूप से प्रेषित कर दी जाय। उच्च सुरक्षा पशुरोग निदान प्रयोगशाला, भोपाल को चाहिए कि वह संदेशवाहक के अस्थायी आवास की व्यवस्था स्थानीय रूप से करें। यह बहुत ही आवश्यक है, कि नमूनों की जांच वहां पहुचंने के तीन या चार दिन के अन्दर हो जानी चाहिए।

<u>प्रयोगशाला परिणाम प्राप्त होने तक संक्रमित स्थल पर रोकथाम हेतु व्यवस्था</u>

1.12 प्रयोगशाला परिणाम प्राप्त होने तक कुक्कुट प्रक्षेत्र को संन्देह की स्थिति में रखा जाए तथा निम्न लिखित प्रतिंबध लागू किए जाएंः–

1. कोई भी वाहन प्रभावित इलाके के अन्दर या बाहर न जाए। निजी वाहन फार्म के बाहर ही खड़े किये जाए।

2. कोई भी वस्तु जैसे कुक्कुट अण्डे, मृत कुवकुट तरल पदार्थ, प्रक्षेत्र के औजार और मशीन आदि न तो प्रक्षेत्र के बाहर लाई जाये और न ही बाहर की कोई वस्तु अन्दर लायी जाए।

3. प्रक्षेत्र में कार्य करने वाले कार्मिक हमेशा सुरक्षित वस्त्र पहनें जब वह प्रक्षेत्र के अन्दर ही हो जैसे चेहरे का मास्क, दस्ताने और गमबूट आदि। प्रक्षेत्र के बाहर जाते समय प्रक्षेत्र कार्मिक सारे सुरक्षित वस्त्र आदि प्रक्षेत्र में छोड़ कर जाएं और समस्त वस्त्र आदि को अच्छे जीवाणु नाशक घोल से जीवाणु रहित किया जाए।

4. प्रक्षेत्र कार्मिको का प्रक्षेत्र के अन्दर बाहर जाना कम कर दिया जाए। और कोई अन्य पशु/कुक्कुट का भी प्रक्षेत्र मे प्रवेश वर्जित किया जाय।

5. प्रक्षेत्र कार्मिक की भीतरी आवाजाही पर भी रोक लगायी जायें। वह किसी अन्य कुक्कुट प्रक्षेत्र/पक्षी विहार/पशु अभ्यारण में न आएं जाएं।

6. कीटनाशक दवाओं का प्रयोग सर्तकता से सम्पूर्ण प्रक्षेत्र में किया जाए।

7. समस्त कुक्कुट प्रक्षेत्र के अभिलेखों को नियमित रूप से भरा जाए।

8. प्रयोगशाला परिणाम प्राप्त होने के पूर्व समस्त कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पाद विक्रेताओं की दुकानो को बन्द रखने की सम्भावनाओं का आंकलन राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर तय किया जाए। संक्रमण का प्रसार होने तथा अधिक कुक्कुट प्रक्षेत्रों के प्रभावित होने की स्थिति में कुक्कुट उत्पादो की बिक्री पर पूर्ण प्रतिंबन्ध लगाया जाएं।

1.13 संक्रमित/संदेहशील कुवकुट प्रक्षेत्र के कार्मिको को लगाये गये प्रतिबन्धों के विषय में अवगत कराया जाए और प्रतिबन्धो का कठोरता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चत किया जाए। जब यह रोक लगायी जाए तो इस विषय पर भी ध्यान दिया जाए कि इन प्रतिबन्धों को लागू करने से कुक्कुट उत्पादकों एवं उपभोगताओं में किसी भी प्रकार के भय का वातावरण उत्पन्न न हो और अफवायें न

फैल सके। इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत, नगर पालिका और स्थानीय प्रेस की मदद भी ली जा सकती है।

1.14 प्रयोगशाला परिणाम प्राप्त होने तक रोग निदान अधिकारी को चाहिए कि वह संदेहशील और प्रभावित क्षेत्रों के सभी कुवकुट प्रक्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करें और मृत्यु दर का अभिलेख अंकित करें। इस दौरान उन समस्त कुवकुट प्रक्षेत्रों के अभिलेख एक पृथक पंजिका में अंकित किए जाएं जिनमें सौ से अधिक कुवकुट उपलब्ध हों और जो प्रभावित/संक्रमित क्षेत्र की परिधि में आते हो।

1.15 उपरोक्त सभी प्रतिबन्ध बड़ी सावधानी एवं सर्तकता पूर्वक लगाये जाने चाहिए, और यदि प्रयोगशाला परिणाम नकारात्मक आये तो सभी प्रतिबंध तुरन्त हटाये जाने चाहिए। अगर कुवकुट पक्षियों में मृत्यु दर यथावत बनी रहे तो दूसरी जांच भी की जाए और मृत्यु दर कम करने के लिए अन्य तरीके अपनाये जाने चाहिए।

1.16 अगर संदेहशील/संक्रमित क्षेत्र पक्षी विहार/पशु अभ्यारण हो तो उपरोक्तानुसार कार्यवाही करनी चाहिए।

<u>पशु चिकित्सा अधिकारी को नामित किया जाना</u>

1.17 प्रभावित क्षेत्र को छोड़ने से पहले मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/रोग निदान अधिकारी को चाहिए कि वह स्थानीय पशुचिकित्सा अधिकारी को अपने विधिक कार्य क्षेत्र के अर्न्तत बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियंन्त्रण कार्ययोजना प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए नामित किया जाए जो कि कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा। प्रभारी अधिकारी से विचार विमर्श कर पक्षी विहार/पशु अभ्यारण में तैनात प्रभारी अधिकारी, संबंधित प्रक्षेत्र में बर्ड–फ्लू निगरानी एवं नियन्त्रण कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होगें।

2.0 बर्ड फ्लू प्रमाणित होने की स्थिति में

नियंन्त्रण एवं निगरानी कार्ययोजना

संक्रमित एवं निगरानी क्षेत्र की घोषणा

2.1 उच्च सुरक्षा पशुरोग निदान प्रयोगशाला, भोपाल के परिणाम द्वारा बर्ड फ्लू के संक्रमण होने की पुष्टि हो जाए तो समस्त विवरण तत्काल निदेशक, पशुपालन एवं सचिव/प्रमुख सचिव पशुधन को उपलब्ध कराया जाए। संक्रमित क्षेत्र की परिधि में लगभग 3 कि0मी0 तक के क्षेत्र के गांव एवं उपनगरीय क्षेत्रों के नाम आदि चिन्हित कर सूचना तत्काल निदेशक, पशुपालन एवं सचिव/प्रमुख सचिव पशुधन को प्रेषित की जाए ताकि संक्रमित क्षेत्र को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करने विषयक अधिसूचना जारी की जा सकें। और वहां एक साईन बोर्ड लगाया जाए जिसमें यह अकिंत हो कि 3 कि0मी0 वर्ग का इलाका बर्ड फ्लू के अर्न्तगत आता है। यह वहां की स्थानीय भाषा में लिखा होना चाहिए।

वह एरिया जो 3–10 किमी के अन्तर्गत आता हो को सम्भावित क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए। यह सम्भावित क्षेत्र संक्रमित और संक्रमण रहित क्षेत्र के बीच बफर जोन का काम करताहै।अगर टीकाकरण कार्य हो तो सम्भावित क्षेत्र को टीकाकरण के लिए चुना जाए।

सचिव/प्रमुख सचिव द्वारा रिपोर्टिंग

2.2 सचिव/ प्रमुख सचिव संक्रमित क्षेंत्र की जानकारी राज्य सरकार के सर्वोच्च अधिकारियों के संज्ञानार्थ तत्काल प्रस्तुत करेगें। सचिव/प्रमुख सचिव समस्त सूचनाएं पशुपालन आयुक्त तथा सयुंक्त सचिव (पशुस्वास्थ्य), पशुपालन, डेरी एवं मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली, को उपलबध करायेगे। समस्त संबन्धित संस्थाओं (स्थानीय/केन्दीय) को बर्ड फ्लू अधिसूचित क्षेत्र के सम्बन्ध जानकारी उपलब्ध करायेंगे। यह स्पष्ट करना आवश्यक है, कि समस्त अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओ को बर्ड फ्लू अधिसूचित क्षेत्र की जानकारी केवल पशुपालन, डेरी एवं मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

नामित पशुचिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित मुख्य पशुचिकित्साधिकारी बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियत्रणं कार्य योजना के प्रभावी कियान्वयन के लिए उत्तरादायी होगे।

2.3 उच्च सुरक्षा पशुरोग निदान प्रयोगशाला, भोपाल द्वारा बर्ड फ्लू रोग के वायरस नमूनों में उपस्थिति प्रमाणित होने के उपरान्त रोग नियंन्त्रण एवं उन्मूलन हेतु समस्त प्रतिबंन्ध एवं प्रक्रियाएं जैसे कि प्रस्तर 1.12 में वर्णित हैं लागू की जानी चाहिए। बर्ड फ्लू संक्रमित क्षेत्र में निगरानी एवं नियंन्त्रण कार्ययोजना के प्रभावी कियान्वयन का उत्तरदायित्व इस कार्य हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, द्वारा नामित स्थानीय पशुचिकित्साधिकारी का होगा। सम्बंन्धित मुख्य पशुचिकित्साधिकारी परिवेक्षक अधिकारी के रूप में बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियंन्त्रण कार्य योजना

के कियान्वयन हेतु उत्तरदायी होगें। यदि बर्ड फ्लू संक्रमित क्षेत्र पक्षी विहार/पशु अभ्यारण है तो समस्त प्रक्रियाएं प्रभारी अधिकारी से विचार विमर्श के उपरान्त निर्धारित की जाएंगी। किन्तु पक्षी विहार/पशु अभ्यारण की स्थिति में प्रस्तर 2.21 एव 2.22 के अर्न्तगत देय क्षति कीपूर्ति, उस स्थिति में जब पक्षियों को नष्ट करना आवश्यक हो, को देय नहीं होगी। बर्ड फ्लू प्रयोगशााला की जांचों द्वारा साबित होने पर सारी कार्यवाही एक बार दुबारा करनी चाहिए।

कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पाद की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिंबन्ध

2.4 कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पाद की आवाजाही पर पूर्ण रूप से रोक लगायी जाएं और संक्रमित कुक्कुट प्रक्षेत्र पर कार्य करने वाले कार्मिक को किसी दूसरे कुक्कुट प्रक्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंन्धित किया जाना चाहिए। यह प्रयास किया जाए कि वन्य जीव–जन्तु एवं अप्रवासी पक्षी संक्रमित कुक्कुट प्रक्षेत्र के जल के संर्म्पक में न आएं। तथा संक्रमित क्षेत्र के उत्पादों का विपणन पूरी तरह से प्रतिबन्धित किया जाए।

समस्त कुक्कुट आपूर्ति एवं कुक्कुट उत्पाद विपणन केन्द्रों को बन्द रखना

2.5 समस्त कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पाद विपणन केन्द्रों को, जो कि संक्रमित प्रक्षेत्र की परिधि के 10 कि0मी0 के क्षेत्र में सम्मिलित हो, को तुरंन्त बन्द कर देना चाहिए। यह समस्त कार्य ग्राम पंचायत एवं नगर पालिकाओं से विचार विर्मश कर किया जाना चाहिए।

समस्त वाहनों एवं कार्मिको की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिंबन्ध

2.6 मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/पशुरोग निदान अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के वाहनों को संक्रमित प्रक्षेत्र के बाहर 500 मीटर की दूरी पर खड़ा किया जाए। संक्रमित प्रक्षेत्र पर बाहरी व्यक्तियों एवं उपकरणों की आवाजाही पर प्रतिबन्धं लागू किया जाए। केवल उन्हीं उ उपकरणों के आवाजाही की अनुमति प्रदान की जाए जिनका प्रयोग बर्ड फ्लू के नियन्त्रंण हेतुअति आवश्यक हो। कीटनाशकों एवं जीवाणु नाशकों का प्रयोग वस्त्रों एवं उपकरणों की स्वच्छता निर्धारित करने के लिए किया जाए।

संक्रमित प्रक्षेत्र तक पहुंच

2.7 संक्रमित प्रक्षेत्र के सभी वस्त्रों को बदलना चाहिए। प्रक्षेत्र के सभी कार्मिकों को प्रक्षेत्र में प्रवेश करते समय डिपोजेब्ल गीयर, टोपी, जूते के कवर, आदि बदल देने चाहिए। वस्त्र बदलने का कमरा भी सुरक्षित होना चाहिए। उसमें बड़े–बड़े प्लास्टिक बैग, कार्डबोर्ड के डिब्बे ,दस्ताने और उपयुक्त मात्रा में कीटनाशक होना चाहिए। किट के बचे हुए औजारों का प्रयोग कुक्कुट प्रक्षेत्र के भीतर ही होना चाहिए। सभी कार्य तुरन्त स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा किये जाने चाहिए।

1 संक्रमित प्रक्षेत्र के समस्त कार्मिको को निर्देशित किया जाए कि संक्रमित प्रक्षेत्र छोड़ने के तीन दिन तक संकमित प्रक्षेत्र के कार्मिक किसी अन्य कुक्कुट प्रक्षेत्र का दौरा न करें जिसमें जीवित कुक्कुट उपलब्ध हों और संक्रमण फैलने की संम्भावना हो। स्थानीय पशु चिकित्साधिकारी एवं अन्य पशु चिकित्साविद् भी इस प्रतिबंध का अनुपालन करें।

2 संक्रमित कुक्कुट प्रक्षेत्र से जाते समय वहां खड़ें समस्त वाहनों को अच्छी तरह किसी कीटनाशक घोल से साफ करना चाहिए।

3 संक्रमित कुक्कुट प्रक्षेत्र में आते–जाते कीटनाशक का प्रयोग करना चाहिए। वह जगह भी देखें, जहां प्रक्षेत्र कार्मिक अपनी सफाई करते हैं यह भी सुनिश्चित करे कि प्रक्षेत्र से जाते समय समस्त कार्मिक अपने डिस्पोजेबल गियर चेजिंग रूम में रखें तथा कीटाणुनाशक के द्वारा अपने हाथ पैर जूते इत्यादि साफ कर जल्दी घर लौट जाएं।

4 वाहन को अन्दर और बाहर से अच्छी तरह कीटाणुनाशक घोल से धोयें और वाहनों को संक्रमित प्रक्षेत्र से बाहर न जाने दिया जाए जब तक कि अत्यन्त आवश्यक न हो।

5 पानी से स्त्रों को प्रदूषित होने से बचाया जाए।

2.8 वाहनों एव प्रक्षेत्र कार्मिको की संख्या प्रक्षेत्र पर न्यूनतम कार्यो के संचालन हेतु सीमित की जाए। प्रक्षेत्र कार्मिक तब तक फार्म न छोंड़े जब तक कि उसने पूरी तरह कपड़े न बदल लिए हों और कीटनाशक घोल का प्रयोग न कर लिया हो। प्रक्षेत्र कार्मिक जो कुवकुट नष्ट करने का कार्य कर रहा हो को किसी सन्देंहशील कुवकुट प्रजाति के सम्पर्क में कम से कम 3 दिन तक न आयें।

<u>सक्रंमित कुक्कुट एवं सामाग्री को जलाकर नष्ट करना</u>

2.9 समस्त बीमारी की सामग्री एंव संक्रमित कुवकुट को स्थानीय पशुचिकित्सा अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारी जैसे नगर पालिका/पंचायत आदि की देख–रेख में नष्ट कर देना चाहिएं।

2.10 समस्त कुक्कुट उत्पाद जैसे कुवकुट मॉस, अण्डे, और बेकार सामग्री जैसे खाद आदि को संक्रमित इलाके से बाहर नहीं भेजना चाहिए और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उसे शीघ्र नष्ट कर देना चाहिए। संक्रमण फैलने से पूर्व क्रय की सामग्री, उपकरण, कुक्कुट आदि भी सम्मिलित हैं, को नष्ट कर देना चाहिऐं। कुक्कुट को नष्ट करके दबा देना चाहिए। नष्ट करने का प्रमाण पत्र स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी से ले लेना चाहिए। इस बात का ध्यान रखना चाहिऐ कि मृत कुक्कुट/अण्डे किसी भी स्थिति में संक्रमित क्षेत्र से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि कुक्कुट प्रक्षेत्र में हुये नुकसान की भी भरपाई हो जाए। क्षतिपूर्ति के आकंलन के लिए उपरोक्त सभी कार्य जल्द से जल्द होने चाहिए ताकि संक्रमण और अधिक न फैले कुक्कुट पालन फार्म के स्वामियों को चाहिए कि वह कुक्कुट प्रक्षेत्र में रखे गए कुक्कुटो के आवास को अच्छी तरह से बन्द करके रखें ताकि अन्य बाहरी या जंगली कुक्कुट फार्म में प्रवेश न कर पाएं।

कुक्कुट को नष्ट एवं निस्तारित करने के कार्य मे प्रयुक्त होने वाले उपकरण।

2.11 संक्रमित क्षेत्र का चिन्हीकरण करने के लिए लकड़ी के डण्डो पर लाल और सफेद टेप लगाकर संक्रमित क्षेत्र का चिन्हीकरण किया जाए। कुक्कुट प्रक्षेत्र में आवाजाही का पता लगाने के लिए कीटनाशक गैस दवाईयां उपकरण, सीडेट, स्टन, नष्ट किये जाने वाले कुवकुट, उपयुक्त डिब्बा जो कि संक्रमित सामग्री को नष्ट करने के काम आये।

2.12 वह औषधियॉ जो ज्यादा कुक्कुटों को मारने के काम आये।

1. अल्फा क्लोरोलोज 2 से 6 प्रतिशत कुवकुट आहार में मिश्रित कर खिलाने से कुवकुट बेहोश हो जाएगें। और उन्हें प्लास्टिक के बैग में डालने पर सांस घुटने से उनकी मृत्यु हो जाएगी।

2. सोडियम फेनोबारबिटल 80.मिली ग्राम को 55 मिली लीटर पीने के पानी में मिलाकर पिलाने से 4 घण्टे बाद कुवकुट बेहोश हो जाएगें।

2.13 लगभग 100 किलो मृत पक्षियों को जलाने के लिए 5 कुन्तल लकड़ी की आवश्यकता होगी। यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पक्षी पूरी तरह जल जायें। जहां जलाने की सुविधा न हो वहां पक्षियों को दफन किया जा सकता है। दफन करने के लिए 2 मीटर लम्बा और 2 मीटर चौडा तथा 2 मीटर गहरा गढ्ढा होना चाहिए। जिसमें एक साथ 300 पक्षियों को दबाया जा सकता है। अगर गढढे को एक मीटर और गहरा कर दिया जाए तो दोगुने मात्रा में पक्षियों को दबाया जा सकता है। अन्य सभी प्रयुक्त वस्तुएं भी इन पक्षियों के साथ दबा दी जा सकती हैं। समस्त मृत पक्षियों के उपर कैल्शियम हाईड्राआक्साइड डालने के उपरान्त 40 से0मी0 मिट्टी की परत से ढक देना चाहिए। यह कार्य इस तरह से किया जाना चाहिए कि जिससे आवारा/जंगली पशु उसे खोद न सकें। उस गढढे पर निशान लगा देना चाहिए और पांच साल से पहले उसे खोदना/खोलना नहीं चाहिए।

संक्रमित सामग्री को नष्ट करने का तरीका

2.14 संक्रमित सामग्री को नष्ट करने के लिए निम्नलिखित विधियों का प्रयोग करना चाहिए।

1. समस्त अनावश्यक सामग्री, जो कुक्कुट प्रक्षेत्र में मौजूद हो, को नष्ट कर देना चाहिए। कुक्कुट बीट, कुक्कुट उत्पाद, फूस चारा कुक्कुट पंख, अण्डे रखने की ट्रे आदि नष्ट कर देनी चाहिए। संक्रमित सामग्री की मात्रा के अनुसार कुक्कुट बीट को कुक्कुट के साथ ही दबा देना चाहिए। जहां कुक्कुट/कुक्कुट बीट को दबाया गया है वहां पर पानी का प्रयोग नहीं करना चाहिए। किसी भी स्थिति में संक्रमित कुक्कुट बीट फार्म से बाहर नहीं जाना चाहिएं।

2. समस्त कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पाद को उनके अवशेषों के साथ ही दबा देना चाहिए।

3. कुक्कुट द्वारा प्रयोग की गयी फूस/बिछावन को पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहिए।

4. कुक्कुट प्रक्षेत्र में उपलब्ध समस्त कुवकुट आहार एवं हरे चारे को भी नष्ट कर देना चाहिए।

5. सुरक्षा वस्त्र जो प्रक्षेत्र कार्मिकों द्वारा प्रयोग में लाये गये थे, को भी नष्ट कर देना चाहिए।

कुक्कुट प्रक्षेत्र एवं उपकरणों की सफाई एवं कीटनाशक का प्रयोग

2.15 निम्नलिखित तरीकों को अपनाकार कुक्कुट प्रक्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों पर कीटनाशक का प्रयोग किया जा सकता है।

1 कुक्कुट प्रक्षेत्र पर प्रयुक्त समस्त उपकरण जैसे अण्डो का भण्डारण कक्ष, पैकिंग कक्ष अण्डा ट्राली अण्डा उत्पादन प्रक्षेत्र, चूजा उत्पादन प्रक्षेत्र, आदि को कीटनाशक का सही ढंग से प्रयोग करते हुए जीवाणु रहित करना चाहिए। समस्त वाहन, जो कुवकुट अण्डों एवं कुवकुट चारा/आहार लाने ले जाने में प्रयुक्त होते हैं, को भी संक्रमण से मुक्त करना चाहिए।

2 कुक्कुट प्रक्षेत्र की समस्त दीवारों, फर्श, सीलिंग आदि पर भी कीटनाशक का प्रयोग करना चाहिए। और प्रक्षेत्र में, जो धातु के सामान जैस कुवकुट पिंजरा आदि को भी कीटाणु रहित करना चाहिए।

3 कुक्कुट प्रक्षेत्र के अन्दर उपलब्ध सभी उपकरणों आदि पर भी कीटनाशक का प्रयोग करना चाहिए।

4 समस्त कुक्कुट आहार भण्डार (साइलो) को खाली करके उच्च दबाव युक्त पानी की बौछारों से धोना चाहिए। और कीटाणुरहित करने के लिए फियूमीगेशन करना चाहिए।

6 सभी उपकरणों को धो कर और कीटाणु रहित करने के बाद उसे दो सप्ताह में दो बार फियूमीगेशन करना चाहिए।

2.16 बर्ड फ्लू वाइरस को नष्ट करने के लिए प्रयुक्त कीटाणुनाशको की सूची

1 रैक्टीफाइड स्प्रिट/सैवलोन/डेटोल (1 प्रतिशत घोल) का प्रयोग हाथ पांव धोने के काम आता है। उसका प्रयोग फार्म में कार्य करने वाले कर्मचारिया एवं बाहर से आने वाले अधिकारियों/व्यक्तियों को अवश्य करना चाहिए।

2 सोडियम हाइड्रोआक्साड (2 प्रतिशत घोल) का प्रयोग फुट मैट जो कि प्रवेश द्वार पर होता है पर किया जाए । यह पदार्थ गमबुट को साफ करने के लिए भी किया जा सकता है।

3 सोडियम हाड्रोक्लोराईट (2 प्रतिशत घोल) उपकरणों की सफाई के लिए किया जा सकता है।

4 क्वाटर्नरी अमोनियम साल्ट (4 प्रतिशत घोल) का प्रयोग दीवार फर्श सीलिंग और उपकरण की सफाई के लिए किया जा सकता है।

5 कैलिशयम हाईड्रआक्साईड (3 प्रतिशत घोल) दीवार और फर्श की सफाई के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

6 क्रिसोलिक एसिड (2.प्रतिशत घोल) फर्श की सफाई के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

7 सिन्थेटिक फिनाइल (2 प्रतिशत घोल) फर्श की सफाई के लिए।

8 विरकोंन एस (2 प्रतिशत घोल) उपलब्धता के अनुसार प्रयोग किया जा सकता है।

9 फार्मेलिन और परमैग्नेट का प्रयोग फ्यूमीगेशन के लिए किया जा सकता है।

स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचना देना

2.17 बर्ड फ्लू संक्रमण के मनुष्यों में फैलने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए इसकी सूचना स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को तुरन्त दी जानी चाहिए। संक्रमण के लक्षण मनुष्यों में पाए जाने पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, निदेशक पशुपालन एवं सचिव पशुधन यह सूचना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरन्त उपलब्ध करायी जानी चाहिए। कुक्कुट प्रक्षेत्र पर कार्यरत कार्मिक जो कि संक्रमित कुवकुट एवं कुक्कुट उत्पादों की देख रेख में संलग्न हो का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना चाहिए। यदि कुक्कुट प्रक्षेत्र कार्मिकों में बर्ड फ्लू रोग से सम्बंन्धित रोग के लक्षण दिखाई दे तो उनकी समुचित सुरक्षा हेतु प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। समस्त प्रक्षेत्र कार्मिको को सुरक्षा वस्त्र एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग नियमित रूप से करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रसारित करने चाहिए।

विधिक व्यवस्थायें लागू कराना

2.18 समस्त पशुरोग नियन्त्रंण सम्बन्धी विधिक व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आधिकार मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/नगर पालिका अधिकारी के कार्यक्षेत्र में आता है। समस्त विधिक व्यवस्थाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/निदेशक पशुपालन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाए।

कुक्कुट उत्पादक एवं कुक्कुट उद्योग के मध्य सूचनाओं का आदान प्रदान

2.19 निदेशक पशुपालन और सचिव पशुधन के स्तर से बर्ड फ्लू संक्रमण की अधिसूचना जारी होने के उपरान्त इसकी सूचना तुरन्त समस्त क्षेत्रीय कुक्कुट उत्पादको एवं कुक्कुट उद्योग के संचालन कर्ताओं को दी जानी चाहिए। तथा समस्त कुक्कुट उत्पादक एवं कुक्कुट उद्योग कोविश्वास में लेकर नियमित अन्तराल पर बर्ड फ्लू के नियन्त्रणं हेतु आवश्यक उपायों पर विस्तृत विचार विमर्श किया जाना चाहिए। उन्नतशील कुक्कुट पालकों कुक्कुट उत्पाद विक्रेताओं एवं स्थानीय सूचना तन्त्र को अवगत कराया जाए कि बर्ड फ्लू के नियन्त्रंण हेतु कार्ययोजना लागू की जा रही है। इससे सरकार के निर्णय के क्रियान्वयन में समस्त सम्बंन्धित संस्थाओं का सहयोग सुगमता पूर्वक प्राप्त किया जा सकेगा।

अधिकृत प्रवक्ता द्वारा मीडिया को सूचना देना

2.20 जनता में जन स्वास्थ्य की दृष्टि से फैलने वाले भय को रोकने के लिए सही स्पष्ट व आवश्यक सूचना नियमित रूप से अधिकृत अधिकारी द्वारा मिडिया व प्रेस को दी जानी चाहिए। इस कार्य के लिए राज्य सरकार को एक अधिकारी को नामित करना चाहिए। सूचना में मीडिया को चाहिए कि वह लोगो को सही जानकारी दें। और कुक्कुट उत्पाद के खान पान के बारे में सही जानकारी दें। सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी के अलावा किसी अन्य अधिकारी को इस विषय में प्रेस मिडिया के लिए वक्तव्य जारी करने से स्पष्ट रूप मना किया जाए। बर्ड फ्लू की प्रयोगशाला रिपोर्ट से पुष्टि होने पर संक्रमित कुवकुट को नष्ट करने का कार्यक्रम संचालित किया जाए तथा सरकार द्वारा इस कार्य को करने में कुवकुट प्रक्षेत्र स्वामियों को क्षति पूर्ति का भुगतान किया जाए। कुक्कुट क्षेत्र प्रबन्धकों से यह उम्मीद रखना गलत है कि वे बिना क्षति पूर्ति के सरकार की सहायता करेगे। क्योकि इस कार्य में उन्हें भारी नुकसान उठाना पडेगा।

अनिवार्य कुक्कुट नष्ट करने की स्थिति में क्षतिपूर्ति का भुगतान करना

2.21 इस बात पर ध्यान दिया जाये कि कुक्कुट प्रक्षेत्र प्रबन्धकों को नष्ट किए गए कुक्कुट के बदले धनराशि का खर्च होना इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि रोग पर लगाम लगायी जायें। राज्य सरकार को इस विषय पर तुरन्त निर्णय लेना चाहिएं। मुआवजे का दुरूप्रयोग न होने देने के लिए जिलाधिकारी को इस कार्य में लगाना चाहिए। खर्च पर नियंत्रण रखने के लिए और मुआवजे की राशि देने के लिए यह जरूरी है कि कुवकुट की संख्या और अन्य सम्बन्धित आंकडें एकत्रित किये जायें। संदेहशील प्रक्षेत्र के 3 वर्ग कि.मी. के दायरे मे स्थापित समस्त कुवकुट प्रक्षेत्रों, में प्रस्तर 1.14 के अनुसार जांच रसीद देख लेनी चाहिए। किसी सहायता की अपेक्षा राज्य सरकार, द्वारा पृथक से की जाएगी। बर्ड फ्लू पर पूर्ण रूप से नियंत्रण करने के लिए उन सभी पक्षियों को नष्ट कर देना चाहिए जो संदेहशील क्षेत्र के अन्तर्गत आते हों जो संक्रमित कुवकुट हो उन्हें भी और जिन कुवकुट में अभी संक्रमण नहीं पाया गया हो पर उस संदेहशील क्षेत्र में आते हो, को भी नष्ट कर देना चाहिए। और कुक्कुट क्षेत्र प्रबन्धकों को क्षतिपूर्ति का भुगतान भी करना चाहिए।

3 किमी क्षेत्र के कुक्कुट को नष्ट करना

2.22 बर्ड फ्लू के प्रभावी नियन्त्रंण के लिये आवश्यक है कि समस्त संक्रमित कुक्कुट/कुक्कुट उत्पाद नष्ट किये जाये। उन कुक्कुट को भी नष्ट कर दिया जाये, जो प्रत्यक्ष रूप से लक्षण प्रदर्शित न कर रहें हों। समस्त नष्ट किये गये कुक्कुट के लिये क्षति–पूर्ति की जायें।

जौविक सुरक्षा

2.23 बर्ड फ्लू को नियंन्त्रित करने का सबसे सही तरीका है कि जैव सुरक्षा को अपनाया जायें। निम्नलिखित जैव सुरक्षा के तरीके संक्रमित/संदेहशील कुवकुट प्रक्षेत्रों पर अपनाएं जा सकते है।

1 कुक्कुट प्रक्षेत्र के पक्षियों को घरेलू और जंगली कुक्कुट से दूर रखना चाहिएं। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आस पास कोई पानी का खुला स्रोत नहीं होना चाहिए जिससे कि बाहरी पक्षी आकर्षित न हो।

2 कुक्कुट प्रक्षेत्र में एक स्थान पर एक उम्र के कुक्कुट ही रखे जाने चाहिए। सभी आए सभी जाएं का तरीका अपनाना चाहिए।

3 मनुष्यों की भीड़ को कम करने के लिए चाहिए कि कुक्कुट प्रक्षेत्र कार्मिक सुरक्षित वस्त्र पहने, चेहरे पर मास्क लगाये, दस्ताने व गमबूट का प्रयोग करें। सक्रंमित कुक्कुट प्रक्षेत्र में बाहरी प्रक्षेत्र के कार्मिको की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। संक्रमित कुवकुट प्रक्षेत्र के कार्मिक कम से कम 3 दिन बाद ही किसी अन्य प्रक्षेत्र पर जाएं। कुक्कुट प्रक्षेत्र कार्मिक प्रक्षेत्र छोंडनें से पहले वह अपने

आप को अच्छे से साफ कर ले, कीटनाशक का प्रयोग करे कपड़े और जूते बदलकर ही बारह जाये। इस बीच वह तीन दिन तक किसी अन्य कुवकुट प्रक्षेत्र या पक्षी विहार में न जाएं।

4 सम्पूर्ण कुक्कुट प्रक्षेत्र पर उपलब्ध उपकरण कुक्कुट आहार के बर्तन पीने के पानी के बर्तन कुक्कुट पिजंरे आदि की समय समय पर कीटनाशकों से सफाई की जाए। तथा दूसरे कुवकुट प्रक्षेत्र से कोई उपकरण न लाए और न ही उपयोग करने हेतु उपलब्ध कराए। अगर बहुत जरूरी हो तो पहले उस पर कीटनाशक का प्रयोग किया जाये और काम होते ही उसे तुरंत वापस कर दिया जायें।

टीकाकरण

2.24 टीकाकरण किये गये कुक्कुट सुरक्षित रहते हैं किन्तु संक्रमण फैला सकते है। अन्तर्राष्टीय पशु स्वास्थ्य संगठन (ओ0आई0ई0) के अनुसार बर्ड फ्लू फैलने का मुख्य कारण है कुक्कुट प्रक्षेत्र में पक्षियों की अधिक संख्या का होना है। बर्ड फ्लू से बचाव के लिये टीकाकरण करना एक बेहरत तरीका है। बर्ड फ्लू वाइरस के अनेक सबटाइप उपलब्ध होने के कारण यह निर्धारित करना कि किस सबटाइप वाइरस का टीका लगाया जाए एक अत्यन्त जोखिम भरा कार्य है।

2.25 समस्त सबटाइप वाइरस के टीके भण्डार में रखना भी एक अत्यंन्त मुश्किल कार्य है किन्तु वृहद टीकाकरण कार्यक्रम संचालित करने के लिए सब से अधिक पाए जाने वाले सबटाईप वाइरस के टीके का प्रयोग रिंगवैक्सीनेशन पद्वति के द्वारा किया जाना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती है कि समेकित निगरानी प्रक्षेत्र, जो कि संक्रमित प्रक्षेत्र से 3 से 10 कि0मी0 की परिधि में हो टीकाकरण हेतु विस्तृत विवरण, संन्देहशील कुक्कुट की संख्या और टीकाकरण खुराक की आवश्यकता का विवरण पशुपालन, डेरी एवं मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय नई दिल्ली को प्रेषित किया जाना चाहिएं। पशुपालन, डेरी एवं मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय प्राप्त सूचनाओं से सतुंष्ट होने की स्थिति में बर्ड फ्लू वैक्सीन सम्बन्धित मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को उपलब्ध करायेगा। सूचना मिलने पर पशु पालन डेरी एवं मत्स्य विभाग नई दिल्ली दवाइयों के मिलने से पूर्व ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी वह सारी तैयारियां करेगा जो कि आपात कालीन टीकाकरण में प्रयुक्त होती हो और एक मोबाइल टीम भी बनायेंगे।

2.25 टीकाकरण के तीन सप्ताह के बाद ही कुक्कुट और कुक्कुट उत्पाद को जो कि टीकाकरण में सम्मिलित थे, के उत्पाद को विपणन हेतु बाजार में लाया जा सकता हैं यह बात ध्यान देने योग्य है कि टीकाकरण केवल आपात स्थिति में ही किया जाये। यह एक नियमित कार्यवाही नहीं थी। टीकाकरण मात्र एक साधन नहीं है जिससे कुक्कुट प्रक्षेत्र में उत्पन्न बीमारियों को रोका जा सके। यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि संक्रमित कुक्कुट को नष्ट कर देना चाहिये। जैव सुरक्षा के तरीकों का प्रयोग आदि द्वारा हम बीमारी को और अधिक फैलने से रोक सकते है। अगर टीकाकरण न अपनाया गया तो 4 सप्ताह तक बाजार में संक्रमित प्रक्षेत्र का कोई व्यापार नहीं होगा। जब तक कि सभी कुक्कुट जो कि संक्रमित प्रक्षेत्र के 3 वर्ग कि.मी. की परिधि में आते हो को पूरी तरह नष्ट न कर दिया जाए एवं निगरानी क्षेत्र जिसकी परिधि 3 से 10 कि.मी. की है में कोई नया संक्रमण दिखाई न दे।

निगरानी व्यवस्था और बर्ड फ्लू से मुक्ति

2.26 बर्ड फ्लू निगरानी एवं नियन्त्रण कार्य–योजना का यह सबसे कठिन हिस्सा है क्योंकि इसका सीधा प्रभाव कुक्कुट उद्योग पर पड़ता है। एक बार अगर यह बीमारी किसी क्षेत्र में फैल गयी तो यह अपने साथ कुक्कुट एवं कुवकुट उत्पाद के व्यवसाय पर भी असर डालती है। अगर हमें कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पाद के व्यवसाय को साामान्य बनाए रखना है तो यह जरूरी हो जाता है कि जल्द–जल्द से रोग से निजात पा ली जए। समेकित निगरानी कार्ययोजना प्रभावी रूप से निगरानी क्षेत्रों में लागू की जाए। बर्ड फ्लू महामारी फैलने की स्थिति में निगरानी कार्ययोजना रोग के लक्षण

एवं वाइरस की उपलब्धता के आधार पर किया जाए। बर्ड फ्लू महामारी की पुष्टि होने की स्थिति में संक्रमण की मात्रा का पता सिरोसर्विलन्स के द्वारा लगाया जा सकता है। टीकाकरण नीति का प्रयोग बीमारी को बढ़ने से रोकने के लिए किया जाता है । इसमें संक्रमण की मात्रा का पता संक्रमण और टीकाकरण एन्टीबोडिज के द्वारा लगाया जा सकता है । संक्रमण और टीकाकरण के लिए संक्रमित क्षेत्र का समय समय पर मूल्यांकन किया जाना चाहिये। प्रत्येक पखवाडे में 0.5 प्रतिशत कुक्कुट का परीक्षण किया जाना चाहियें।

<u>जन–जागरूकता</u>

2.27 आम जनता में बीमारी के प्रति जागरूकता लाने के लिए मीडिया का प्रयोग किया जा सकता है इसमें वैज्ञानिक तरीकों द्वारा कुक्कुट उत्पाद को सही तरीके से तैयार कर खाने से भी बीमारियों से दूर रहा जा सकता है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि कुक्कुट उत्पाद को 70 डिग्री सेलसियस में 30 मिनट तक पकाने से कोई भी कुक्कुट उत्पाद हानिकारक नहीं रहता है। यह बहुत आवश्यक है कि बर्ड फ्लू के संबन्ध में प्रयोगशाला ,द्वारा जारी की गयी नकारात्मक रिर्पोट को प्रेस व मीडिया को उपलब्ध कराया जाए।जन जागरूकता अभियानों में पत्रकार व मीडिया कार्मिको को भी आमंत्रित किया जाए और उन्हे समस्त सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएं।समस्त कुक्कुट उत्पाद संघ, राष्ट्रीय अण्डा समन्वय समिति तथा कृषि एवं प्रसंस्करण उत्पाद परिसंघ का सहयोग लिया जाए। जनजागरूकता अभियोनों को संचालित करने के लिए केन्द्र सहातित योजना एस्क्रेड में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के मद से वहन किया जाए।

3.0 संक्रमित प्रक्षेत्र के कार्मिकों हेतु सलाह

3.1 बर्ड फ्लू के सम्बन्ध में जन स्वास्थ्य नीति निर्धारित करना इस कार्य योजना के कार्य क्षेत्र से बाहर का विषय है। जिसे पृथक से जन स्वास्थ्य अधिकारियो द्वारा निर्धारित किया जाएगा। किन्तुं यहां यह बात जानने योग्य है कि कुक्कुट प्रक्षेत्र पर काम करने वाले पशु चिकित्साधिकारी और अन्य कार्मिक, जो कि संक्रमित कुक्कुट को नष्ट करने और संक्रमित कुवकुट में कीटनाशक का प्रयोग करने का कार्य करतें है को तीन सप्ताह के लिए निरीक्षण में रखा जाए। समस्त कार्मिक, जो संक्रमित कुक्कुट प्रक्षेत्र में प्रवेश करते हैं, उनको चाहिए कि वे सुरक्षित कपड़े पहने, चेहरे पर मास्क लगायें तथा गमबूट पहनें। जीवित संक्रमित कुक्कुट के सम्पर्क में आने से वह व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। संक्रमित कुक्कुट को नष्ट करने से ही आगे और अधिक संक्रमण को रोका जा सकता है।

<u>वृहद संक्रमित कुक्कुट को नष्ट करने वाले कार्मिको के बचाव हेतु संस्तुतियां</u>

3.2 संक्रमित कुक्कुट, कुक्कुट बीट, कुक्कुट प्रक्षेत्र की डस्ट एवं मिट्टी के सम्पर्क में आने से कुक्कुट प्रक्षेत्र कार्मिक भी संक्रमित हो सकते है और इसलिए निम्नलिखित सावधानियां उन कार्मिको को बरतनी चाहिए, जो संक्रमित कुक्कुट को नष्ट करने या काटने का कार्य करते है।

1. कुक्कुट को नष्ट करने एवं जीवित कुक्कुट एवं कुकुट उत्पाद का परिवहन करने वाले कार्मिको को, निम्नलिखित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं वस्त्र आदि दिये जाएं।

क. सुरक्षित वस्त्र एक एपरन जो कि उपर से नीचे तक ढका हो।

ख. डिस्पोजल दस्ताने।

ग. मुंह पर लगानें के लिए मास्क।

ध. चश्मा।

ड. टोपी

च. डिस्पोजेबल शू कवर

